શ્રી યશોવિજયજી
જૈન ગ્રંથમાળા
દાદાસાહેબ, ભાવનગર.
ફોન : ૦૨૭૮-૨૪૨૫૩૨૨
૩૦૦૪૨૮૫

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

श्रीन्यायाम्भोनधि-श्रीमद्विजयानन्दसूरिभ्योनमः ॥

ग्रंथमाला. नं. १६

॥ अर्हम् ॥

॥ गिरनार गल्प ॥

प्रेरक—

शान्तमूर्त्ति मुनिमहाराज १०८ श्री

हंस विजयजी महाराज.

योजक—

जनाचार्य श्रीमद्विजयानन्दसूरि शिष्य-मुनि महाराज श्री लक्ष्मी विजयजी शिष्य— मुनिमहाराज श्री हर्ष विजयजी शिष्य— मुनिमहाराज श्री वल्लभविजयजी शिष्य-पंन्यास-

श्री ललित विजयजी ॥

प्रकाशक—

श्री हंसविजयजी फ्री जैन लायब्रेरी

श्रीवीर निर्वाण २४४८ श्री आत्म संवत् २६

विक्रम संवत् १९७८ ईसवीसन १९२१

मूल्य आठ आना.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.jainelibrary.org

अमदावाद—श्री अंबीकाविजय प्रिन्टींग प्रेसमां
पटेल लक्ष्मीचंद हीराचंदे टाइटल छाप्युं.
चोपडी जैनविद्याविजय प्रेसमां छापी.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.surtagyanbhandar.com

श्रीमन् पंन्यासजी मणिविजयजी महा-
राजनुं जीवनचरित्र.

गुजरात मांतना खेडा जील्लामां कपडवंज तालुका-
ना कपडवंज नामना शहेरमां शाह मगनलाल भाइचंद नामे के जे प्रस्तुत जीवनचरित्रना नायकश्री पंन्यास मणिविजयजी महाराजना संसारीपणामां पिता उत्तम श्रावक अने घरना सुखी गृहस्थ हता, दुकाननो धंधो प्रमाणिकपणे करता, अने धर्मअनुष्ठान प्रत्ये पण अति-रुचीवाळा हता, एमनां धर्मपत्नी एटले श्री मणिविज-यजी महाराजना संसारीपणानां मातुश्री नामे जमना बाइ पण पतिव्रत धर्मने अनुसरी चालनारां हतां. म-हाराजश्रीनां मातापिता धर्मनीष्ठ साधुसाध्वीनी भक्ति-वाळां, अने गुणानुरागी हतां.

संवत १९२४ नी सालमां मुनिमहाराजश्री झवेर सागरजी महाराजे कपडवंजमां चोमासुं कर्युं. श्री झवेर सागरजी महाराज विद्वान अने उत्तम उपदेशक हता,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ज्यां चतुर्मासमां महाराजश्रीना रसमय, वाणीवाळा धर्मोपदेशवडे सेंकडो जीवो प्रतिबोध पाम्या, तेमां पण मगनभाइ तो प्रथमथीज मुनिभक्तिवाळा अने धर्मीष्ट होवाथी महाराजश्रीना उपदेशथी मगनभाइने एवी वैराग्य वृत्ति जाग्रत थइ के आ संसारना क्षण-भंगुर सुखनो त्याग करवो एज श्रेष्ट छे.

मगनभाइने बे पुत्र हता, मोटा पुत्रनुं नाम मणि-लाल अने नाना पुत्रनुं नाम हेमचंद हतुं हेमचंद चार वर्ष न्हाना हता. बन्नेए सरकारी निशाळमां सारो अभ्यास कर्यो हतो अने बन्नेमां विवाह पण थया हता. धर्मीष्ट पिताश्रीना परिचयथी बन्ने पुत्र निरंतर नव-कारमंत्रनुं स्मरण करता, प्रतिक्रमणनां सूत्र अने देह-रासरमां कहेवाना दूहा विगेरे धार्मिक अभ्यास पण करता, मूळथी बन्ने पुत्र बुद्धिशाळी अने पिताश्री धर्म-नीष्ठ तेथी "बाप तेवा बेटा" ए कहेवतने अनुसारे धीरे धीरे धर्मप्रेमी थवाथी वणीवार मुनिनुं व्याख्यान श्रवण करवा जता. त्यारबाद धर्मज्ञान उपर प्रेम थ-वाथी जीव विचार, नवतत्व विगेरे, धर्म शास्त्र प्रकरणो नो अभ्यास कर्यो. त्यारबाद बन्ने भाइओने परमात्म

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

त्यां तो पण पूर्व पुन्यना उदये बन्ने भाइनो ज्ञानाभ्यास वृद्धि पामवा लाग्यो अने मार्गोपदेशिका-अमरकोष विगेरे संस्कृत अभ्यास कर्यो. पूर्वभवमां ज्ञान प्राप्त थयु होय तो आ भवमां पण ज्ञान संस्कार चालु रहे-वाथी अल्पप्रयासे ज्ञानाभ्यास बनी शके छे तेम बन्ने भाइओए अल्पप्रयासे संस्कृत ज्ञान प्राप्त कर्यु. पिताश्री ज्ञानभाइ सात्विक पिताश्रीज हता जेथी बन्ने पुत्रो ज्ञानशाली होवाथी प्रतिबोध पामी चारित्र अंगीकार करे तो एमना आत्मानुं अने परनुं पण कल्याण करी महा उपकार करनार थाय एम इच्छता.

त्यारे जमनाबाइ पोताना पुत्रोने भाग्यशाळी ज्ञानशाळी जाणी आनंदमग्न रहेतां, घरमां समृद्धि, अनुकूळ अने भाग्यशाळी पुत्रो अने रुपवान गुणीयल वहुआना मळवा संयोगथी माता जमनाबाइ धर्मनो अतुल्य प्रभाव मानी विशेष धर्मनीष्टपणे वर्तता हता. वळी काळनी गति विचित्र होवाथी सुखनिमग्न जीव-नीइर्ष्या करनार काळे मणिलालरुपी वहु माणेकनुं आलोकनुं सुख हरी लीधुं, अर्थात् माणेकबाइ देवगत थयां. आ वखते मणिलालने परण्ये ३ वर्ष थयां हतां

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अने हेमचंदने परण्ये १ वर्ष थयुं हतुं मणीलालने बीजा विवाहनी वात चालती हती परन्तु मगनभाइनो विचार ए हतो के पुत्रोने चारित्र अपावी मारे पण चारित्र लेवुं. जेथी बीजीवार विवाह स्वीकार्यो नहि.

पूर्व भवना पूण्यथी बन्ने पुत्रो ज्ञानाभ्यास सहित वैराग्यवृत्तिवाळा पण थया. जेथी पिताए बन्ने पुत्रनो चारित्र उपर प्रेम थयो जाणी अमदावाद पासे कासंद्रा गाममां मुनिमहाराजश्री नीतिविजयजी पासे मोकल्या. तेमां मणिलाल पुख्तवयना अने विधुर होवाथी मणिलालने दीक्षा आपी, अने हेमचंद तुरत परणेला अने काची वयना होवाथी तेमने दीक्षा लेवा माटे काळ विलंबनी सूचना करी. मणिलालनुं नाम श्री मणिविजयजी पाडयुं के जेमनुं आ चरित्र लखवा हुं भाग्यशाळी थयो छुं.

मणिलालनी दीक्षा लीधानी वात सांभळी माता जमनाबाइने पुत्रपणाना स्नेहथी दीलगीरी थाय ए स्वाभाविक छे, परन्तु हेमचंदे दीक्षा नहिं लीधेली होवाथी अने पोताना पतिए पवित्र बोध आप्याथी पुनः चित्त विश्रान्ति प्राप्त थइ श्रीमणिविजयजी महा-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

राजे पोताना उत्कृष्ट भावथी अने पितानी पूर्ण सम्मतिथी दीक्षा लीधेली होवाथी एमनुं चारित्र निर्वीघ्रपणे सरळ थयुं, अने गुरुमहाराजनी साथे विहार करवा लाग्या

हेमचंद दीक्षा लीधा विना पितानी साथे घेर आव्या, परन्तु चित्त तो वैराग्य वृत्तिवालुंज हतुं. पुनः पितानो विचार हेमचंदने दीक्षा आपवानो थतां वर्त्तमानकाळमां विचरता श्रीमद् विजयसिद्धिसूरि पासे मोकल्या. श्रीविजयसिद्धिसूरीजीए दीक्षा आपी. अने श्रीकनकविजयजी नाम राख्युं. दीक्षा लीधा बाद सत्वर वीरमगाम तरफ विहार कर्यो.

हेमचंदनी माताने अने सासरीयांने दीक्षानी वातनी खबर पडी के तुर्त सासरीयांए अने माता जमना बाइए अमदावाद जइ सरकारमां अरजी करी. सगीर (काची) वयना होवाथी तेओने भोळव्या छे एम जाणी कोरटे घेर मोकली देवा फरमाव्युं. लोकमां अपवाद न थवाना कारणथी हेमचंद घेर आव्या त्यारथी ससराए तेमने पोताने घेरज राख्या. तोपण स्वाभाविक वैराग्यवृत्ति न बदलाइ पिताश्री

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

मगनलालने दोसी वालाभाइ देवचंद, वालाभाइ दल-सुख, अने शकरचंद विगेरे धर्मीष्ट गृहस्थोनी मदद हती जेथी पिताश्रीए हाइकोर्टमां अपील करी; सॉ-लीसीटर तरीके वासुदेव जगन्नाथ तथा बॅरीस्टर तरीके मेकफर्सनने रोक्या, कोर्टे चुकादो आप्यो के काइपण माणसने पोताना आत्महीत माटे धर्म आरा-धन करता कोइ रोकी शके नहि. ए प्रमाणे चुकादो थवाथी हेमचंद्रे छाणी ग्राममां लाली सास गाममां मोटी धामधूम पूर्वक श्री झवेरसागरजी महाराज पासे पवित्र दीक्षा अंगीकार करी. त्यारबाद अनुक्रमे आ-गमनो उद्धार करनारा अने सूरिपद संयुक्त थया. नाम श्री सागरानंद सूरीश्वर प्रसिद्ध थयुं.

शा मगनभाइए पोताना बन्ने पुत्रोने दीक्षा अपाव्या बाद संवत १९५८ नी शालमां पोते पण दीक्षा लीधी अने नाम श्री जीवविजयजी राखवामां आव्युं. तेओश्री चारित्र पाळी १९६ ना सालमां पेटलाद गाममां काळधर्म पाम्या त्यारबाद जमना-बाईए घणो वखत पालीताणामां रही श्री आदीश्वर भगवाननी यात्रानो लाभ मेळव्यो. तीर्थयात्रा मुनि-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

भक्ति, आवश्यक क्रिया विगेरे अनेक धर्मकार्यो करी अने नीवाइए पवित्र तीर्थस्थळ पालीताणामां देह त्याग कर्यो. [illegible]

[illegible] महाराज श्री मोहनविजयजीनी भक्ति निमित्ते हमेशां पण तेओना काळधर्मनी तिथि अने पर्व पूजा विगेरेथी देवभक्ति कराववामां आवे छे. (श्री सागरानंद सूरीश्वरनां संसारीपणानां धर्मपत्नी) एमना कुटुंबमां हाल श्री सागरानंद सूरीश्वर अने माणेक [illegible]

[illegible] श्री मणिविजयजी महाराजे संस्कृत अने प्राकृत व्याकरणनुं ज्ञान सारी रीते संपादन कर्युं. त्यारपछी मांगरोळ रही शेठ कोलाभाइ करमचंदनी सहायथी श्रीमंत सरकार गायकवाड सरकारना [illegible] काशी निवासी [illegible] भाइ शास्त्री पासे व्याकरणनो अभ्यास कर्यो, तेमज अंग्रेजी भाषानो पण अभ्यास कर्यो.

[illegible] संवत १९[illegible] मां [illegible] पद्वी मळी. [illegible] [illegible] कालीआवाडी, लींबडी, [illegible] खंभात, [illegible], अनेक [illegible] विगेरे [illegible]

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

चोमासां कर्यां. छेल्लुं चोमासुं पालीताणा पासे तळाजा गाममां रह्या. ते गाममां प्लेगनो उपद्रव होवाथी अने मुनिए धर्मक्रियाना निर्वाह माटे रोगादिक उपद्रववाळा स्थाननो त्याग करवो एवो विधिमार्ग होवाथी महाराजश्री तळाजाथी विहार करी त्रापज गाम पधार्या, त्यां शरीरे व्याधि थवाथी संवत १९७८ नी सालमां कारतग शुदी ३ ने रोज काळधर्म पाम्या. एवा मुनि महाराजनुं गुणकीर्त्तन करवाथी हुं मारा आत्माने कृतार्थ थयो मानुंछुं. अने आ अल्प जीवनवृत्तांत वांचनार बीजा महाशयो पण ज्ञानादि गुण प्राप्त करी पोताना आत्माने कृतार्थ करे ए हेतुथी महाराजश्रीनुं टुंक जीवनचरित्र मारी अल्पमति प्रमाणे लखेलुं छे, तेमां जे कंइ भूल चूक अविनय अने अनादर थयो होय तो हुं अंतःकरणपूर्वक क्षमा मागुंछुं. —इत्यलं.

ता. क. आ बुकोनो तमाम खर्च लुणसावाडावाला रा. रा. मामलतदार उमाभाइ जेठाभाइए आपेलो छे अने उपरनुं चरित्र तेमनी भलामणथी प्रसिद्धिमां मुकवामां आव्युं छे. श्री प्रसिद्ध कर्ता.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

॥ वन्दे वीरमानन्दम् ॥

॥ श्री गिरनार गल्प ॥

चरम तीर्थंकर श्रीमन्महावीर देवके समयमे -क्रिया-अक्रिया-अज्ञान-विनय—आदि पक्षोंको-स्वीकारने वाले (३६३) मतावलंबी कहेजाते थे, परंतु-हालके वर्त्तमान युगमें उस संख्या की भी सीमा नही रही। समयको गतिके साथ धर्मों की गतिका भी परिवर्त्तन होता है, आज भारत वर्षके अन्यान्यलभ्य और दृश्य अनुमान (३१) क्रोड़ के जनसमुदित वस्तिपत्रकमें, बावन लाख साधु और-तीन हजार पंथ सुने जाते हैं। धर्म और धर्मियोंकी इस विशाल संख्यामें ज्यादा हिस्सा आ-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

स्तिक लोगेांका ही है। आस्तिक किसी देश जनपद या–जाति विशेषका नाम नहीं है। आस्तिक वह ही कहे जासक्त हैं कि–जो जीव–अजीव–पुण्य–पाप–आश्रव–संवर–निर्जरा–बंध–मोक्ष–जन्म–जन्मान्तर–स्वर्ग नरकके साथ ईश्वर परमात्माका होना कबूल करते हेां. ईश्वरको सर्वज्ञ–सर्वदर्शी–दयालु–मायालु–नीरज–परोपकारी–अनंत चतुष्टय धारक निरीह–निरभिमानी–अक्रूर–ऋजु–अमायी–सत्यमार्ग देशक–धर्मचक्रवर्त्ती–धर्मसारथी–त्रिलोकी त्राता आदि यथार्थ गुणेांके सागर मानकर उनके वचनेांका आराधन करते हैं। उनके बतलाये राह्रो रास्तेपर चलना यह भी ईश्वरकी भक्ति–पूजा–सेवा–सुश्रूषा कहलाती है, जैसे प्रभु पुष्पादिसें पूजे जाने पर–श्रद्धालुकेां मोक्षदाता होते हैं. वैसे उनकी आज्ञाके पालककेां भी वह परमपद देते है, धूप–दीप–जल–चंदन आदि विविध प्रकारकी पूजा करनेवालेकेां पहले उस जगद्वत्सल के आज्ञा वचनेांपर यकीन रखनेकी खास जरूरत है। "आस्था मूलाहि धर्मः"

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

यहां एक बात और कहनी रह जाती है कि जिसका उल्लेख करना खास आवश्यक और प्रासंगिक है. 'ईश्वर संसारमें एक उत्तमोत्तम पद्धी है कि जिसको हर एक भव्य जंतु अपने सात परिशीलितविशुद्ध आचरणोंसे हाँसिल कर सकता है। 'धनसार्थवाह' के भवमें बीजारोपण करके जीवानंदके जन्ममें उसको विशेष सींचकर और वज्रनाभके भवमें उसके मूलको खूब परिदृढ करके अर्थात् चौद लाख पूर्व-वर्षके विशुद्ध चारित्र पर्याय और निर्निदान-निराकांक्ष-तपसे निकाचित कर जो गुणरूप सुरशाखी प्रथम-तीर्थंकर श्री ऋषभदेवजीके जीवने अपने आत्माराममें लगाया था प्रतिबंधक कर्मोंको क्षयकर जो सर्वज्ञत्व-सर्वदर्शित्व-गुरुगुण नाभिराजाके अंगजने प्राप्त किया था वहही आत्मबल-वहही शक्ति-सामर्थ्य-वह कारण कलाप-उनके पौत्र मरीचिमें भी था. वह ऋषभनाथ प्रभुके आत्मगत केवलज्ञान केवल दर्शनादि क्षायिक भावोपगत-आविर्भूत थे. और मरीचिके भाविभद्रात्मामें वह सर्व गुण स्वनिस्थ मणी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

की तरह तिरोभावमें थे. मरीचिने भी "नयसार ग्रामचिंतक" की अवस्थामें उस मंदार तरुके बीज तो बीजे ही हुए थे; सिर्फ आगेका क्रिया संदर्भ ही अवशिष्ट था, उसको भी "नंदनकुमार" के भवमें विशुद्धात्मवीर्यसे आचरणागोचर कर वह ही भी "वीर" के भवमें श्री ऋषभदेवके समान हो गये। जैनदर्शनमें "ईश्वर" पदके अधिकारी जो लोकोत्तर सामर्थ्यशाली-उत्तमोत्तम जीवात्मा होते हैं उनको "सामान्य केवली" "और तीर्थंकर" इन दो नामसें उच्चारा जाता है. सामान्य केवली हरएक जातिमें-हर एक कुलमें-नर नारी आदि हर एक लिंगमें केवलज्ञान केवलदर्शनकी संपत् प्राप्त कर सक्ते हैं। तीर्थंकर-देव फक्त राजवंशी क्षत्रीयकुलोत्पन्न ही और वह भी पुरुषोत्तम ही होते हैं। पूर्वभवोपार्जित पुण्ययोगसे माताको चतुर्दश स्वप्नोंसे अपने भावि महोदयकी सूचना दिलाते हुए जात मात्रही देवदेवेन्द्रोके पूजनीय, वंदनीय, अर्चानमस्याके पात्र होते है॥

उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके छ छ आरोंका

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

एक कालचक्र कहलता है. अवसर्पिणी का पहला आरा चार कोटाकोटि सागरोपमका होता है. दूसरा आरा तीन कोटाकोटि-तीसरा दोका, चौथा ४२ हजार वर्ष कमती एक कोटाकोटि सागरोपम का, पांचवां (२१) हजार वर्षका और छठा भी (२१) इक्कीस हजार वर्षका माना गया है. सब मिलकर (१०) कोटाकोटि सागरोपमकी अवसर्पिणी और (१०) कीही उत्सर्पिणी मानी गई है। उत्सर्पिणीमें पहला २१ हजार वर्षका, दूसरा भी २१ हजार वर्षका, तीसरा ४२ हजार वर्ष न्यून एक कोटाकोटि सागरोपमका, चौथा दो, पांचमा ३- और छठा ४ कोटाकोटि सागरोपमकी स्थितिवाला गिना जाता है ॥

अवसर्पिणीके तीसरे आरेकी आखीरमें पहला तीर्थंकर और चौथे आरेमें २३ तीर्थंकर होते हैं- उत्सर्पिणीके तीसरे आरेमें २३ और चौथे आरेके प्रारंभमें अंतिम चौवीसवें तीर्थंकरदेवका होना माना गया है। इस वर्तमान अवसरपिंणीकालमे-श्रीऋषभदेव १ श्री अजितनाथ २ श्री संभवनाथ ३ श्री

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

अभिनंदनस्वामी ४ श्री सुमतिनाथ ५ श्री पद्मप्रभ स्वामी ६ श्री सुपार्श्वनाथ ७ श्री चंद्रप्रभस्वामी ८ श्री सुविधिनाथ ९ श्रीशीतलनाथ १० श्रीश्रेयांसनाथ ११ श्री वासुपूज्यस्वामी १२ श्रीविमलनाथ १३ श्री अनंतनाथ १४ श्रीधर्मनाथ १५ श्रीशांतिनाथ १६ श्री कुन्थुनाथ १७ श्री अरनाथ १८ श्री मल्लीनाथ १९ श्रीमुनिसुव्रतस्वामी २० श्री नमिनाथ २१ श्री नेमिनाथ २२ श्रीपार्श्वनाथ २३ श्री महावीरस्वामी २४ येह चौवीस तीर्थंकर महाराज हुए हैं। इन महाप्रभावशाली तीर्थंकर देवोंकी पांच अवस्थाओंका नाम "कल्याणक" है. च्यवनकल्याणक । जन्मकल्याणक । दीक्षा कल्याणक । केवलज्ञान कल्याणक । और निर्वाण कल्याणक । किसी तीर्थंकर देवका कोइ कल्याणक कहीं होता है और कोई कहीं होताहै। जहां जहां उन परमेश्वरोंके कल्याणक होते हैं उन क्षेत्रोंका—कल्याणोंके योगसे कल्याणक भूमि नाम प्रख्यात हो जाता है। वर्तमान चौवीसीके बावीसवें तीर्थंकर श्री नेमिनाथजीके दीक्षा, केवल और निर्वाण येह तीन कल्याणक " श्री गिरनार "

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

(रैवताचल) पर्वतपर हुए हैं। "उज्जितसेलसिहरे दिख्खा नाणं निसिहिआ जस्स" इत्यार्ष वचनात् ।

श्री नेमिनाथजीके विषयमें लोकोक्तियें"

श्री नेमिनाथ स्वामीके नाममें 'नाथ' शब्दको देखकर और उधर अपने धर्ममें-गोरख-मच्छन्दर-आदि नामोंके साथभी नाथ शब्दको देखकर दर्शनान्तरीय लोग और और कल्पना करलें यहतो क्षंतव्य है, परंतु किसी प्रसिद्ध इतिहास वेत्ताने यदि ऐसी भूल करदी हो तो वह अक्षंतव्य है.

टोड राजस्थानके अनुवादक पंडित ज्वालादत्त शर्मा लिखते हैं "टोडसाहिबके मतानुसार चार बुध "माने गये हैं। साहिब कहते है कि यह चारों "बुध एकेश्वर वादी थे। और उक्त धर्मका एशि- "यासे लाकर भारतवर्षमें प्रचार किया था। उ- "नके समस्त धर्मशास्त्र एक प्रकारकी शंकुशीर्षाकार "वर्णमालामें लिखे हुए है । सौराष्ट्र-जैसलमेर "और विशाल राज्यस्थानके जिस जिस स्थानमें

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

" पहले बुध और जैनलोग बास करते थे. टोड
" साहिब उन सब देशोमें जाकर उनके धर्मकी
" अनेकशिलालिपी और ताम्र शासन लायेथे। उन
" चारेां बुधेांका नाम नीचे लिखते हैं.

" प्रथम बुध–(चंद्रवंशकी प्रतिष्ठा करनेवाला) अनुमान इसबीसे पहिले २५५० वर्षमें उत्पन्न हुआ
" द्वितीय–नेमिनाथ–(जैनियोंके मत बाइसवां) इससें १४२० वर्ष पहले हुआ।

" तृतीय–पार्श्वनाथ–(तेइसवां) ईसासें ६५० वर्ष पहले हुआ।

" चतुर्थ–महावीर–(चौवीसवां) ईसासे ५३३ वर्ष पहले उत्पन्न हुआ "

सोचना चाहियेकि, जिस जैन शासनकी आज्ञा को प्रायः आधा संसार शिरोधार्य मानताथा, जिस जैन धर्मको अशोकके पूर्वज श्रेणिक प्रभृति राजा प्रेम पूर्वक पालतेथे, जिस जैनधर्मने उखडती हुई गुर्जर-राजधानीको फिरसे वद्ध मूल करदियाथा, जिस धर्मका सिद्धराज जैसे नरेश मानकरते थे, और चौलु-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

क्य चिन्तामणि कुमारपाल तो जिसमें गृहस्थ दीक्षा पाकर पूर्ण कृतकृत्य हुएथे। जिस पवित्र धर्ममें–एक तुच्छ मानव जीवनमें–तीस अबज तिहोत्तर क्रोड सात लाख बहत्तर हजार जितनी संपत्ति खर्च करके जगत्‌का कल्याण करने वाले वस्तुपाल तेजपाल जैसे मंत्री हुए हैं, जिस दयालु–विशाल–धर्ममें जगडुशाह जैसे महापुरुषोंने क्रोडें रुपये खर्चकर भूखे मरते हजारों नहीं बलकि लाखें करोडें मनुष्योंकी जानें बचाइ हैं, जिस उदार शासनके परम भक्त भाग्यवान् भामाशाहने अस्ताचलपर पहुंचे हुए मेवाड क्षत्रियोंके प्रतापसूर्यको फिर तपाकर छाये हुए अनीति अंधकारको देश निकाला दिया और दिलवाया है; आज उस धर्मकी शोचनीय दशा हो रही है। मनमाने आक्षेप, मनमानी मिथ्या कल्पनाएँ होती चली जा रही हैं परंतु कोइ किसिके सामने माथा ऊंचा नहीं कर सकता !!!

अफसोस है कि–आज संसारमें भगवान् "हरिभद्र सूरि" और भगवान् श्री हेमचंद्रसूरि नहीं हैं कि जिनकी वाचा और लेखिनी के डरे हुए वादि

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वृन्द परास्त हो कर इस उद्घोषणाको सत्य मानते थे कि " न वीतरागात्परमस्ति दैवतं, न चाप्यनेकान्तमृते नयस्थितिः " जिस हरिभद्र सूरिके " नास्माकं सुगतः पिता न रिपवस्तीर्थ्या धनं नैव तै-र्दत्तं नैव तथा जिनेन न हृतं किञ्चित्कणादादिभिः । किन्त्वेकान्तजगद्धितः स भगवान् वीरो यतश्चामलं, वाक्यं सर्व मलोपहर्तृ च यतस्तद्भक्तिमन्तो वयम् ॥१॥" तथा "पक्षपातो न मे वीरे, न द्वेषः कपिलादिषु । युक्तिमद्वचनं यस्य, तस्य कार्यः परिग्रहः ॥२॥" ऐसे-मध्यस्थ भाव भरे-औदार्य गुणपूर्ण-उद्गारोंको सुन सुन आज भी निष्पक्षवादी संसार उन्हें शिर झुकाकर पूज्यपाद-सदा स्मरणीय-संसारके उद्धारक पुरुष-ऐसे २ पवित्र नामोंसे बुला रहा है । आजके प्रायः साधनप्रचुर संसारमें पवित्र धर्मके सिद्धान्तोंको प्रकट कर दिखाने के लिये ऐसे पुरुषोत्तमावतारकी और " न रागमात्रात्त्वयि पक्षपातो, न द्वेषमात्रादरुचिः परेषु । यथावदाप्ततत्वपरीक्षया तु, त्वामेव वीरप्रभुमाश्रयामः ऐसे विश्वजनीन सत्यनादकी गर्जना के करने-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

वाले–चौलुक्य वंश तिलकायमान–परमार्हत–कुमारपाल भूपति के धर्मगुरु कलिकाल केवलिकल्प प्रभु श्री हेमचंद्रकी भी उतनी ही आवश्यकता थीकि जितनी १४४४ ग्रंथोंके निर्माता गुरु श्री हरिभद्रजी की थी। आजकी सांप्रतकालीन जनता–बडी खुशी से झुकती है परं कोई सत्य कह कर झुकाने वाला चाहिये. आजकी सृष्टि संसार के तखते परके किसीभी धर्मको मान देती है–कोई दिलानेवाला चाहिये। ऐसा न होता तो "पूज्यपाद–प्रातःस्मरणीय–न्यायाम्भोनिधि–श्रीमद्विजयानंद सूरि (आत्मारामजी) महाराजने दिल्लीसे लेकर पंजाबके पश्चिम तट तक के भूले हुए लोगोंको कैसे सन्मार्गगामी बनाया होता? श्री लक्ष्मीविजयजी (विश्नचंदजी) जैसे अखर्व पांडित्य पूर्ण साधुओंको अपने सच्चे अनुयायी क्योंकर बनाया होता?

मनुष्य अपने आत्मावलंबनसे दूसरेका अनुकरणीय बन सकता है। संसारमें सदाचारी मनुष्य देवदेवेंद्र और सार्वभौम राजाको भी मान्य होता है। सृष्टिके सदाचारोंमें "वृद्धानुगामिता" एक बड़े में

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

बडा सदाचार है लोकोक्ति है। कि–"बद न सोचे जेमगर दूगर कोइ मेरी सुने। है यह गुम्मजकी सदा जैसी कहे बैसी सुने" कलिकाल सर्वज्ञ–इतने दर्जे तक पहुंचनेपर भी अपने गुरु महाराजके परमभक्त थे. इसी लियेही–कर्णाटकसे हिमाचलके बीचकी २२ राजधानियोंपर हकूमत करनेवाला सिद्धराज जयसिंह, और तुरक देश–गंगातट–विन्ध्याचल–और समुद्र किनारे तक भूमिके एक छत्रराज्यको करनेवाला कुमारपालभी उनकी आज्ञाको देव निर्माल्य की तरह शिरोधार्य करते थे।



स्वामित्व–और–स्वीकार.

जैसे वैश्नव संप्रदायमें द्वारिकापुरी जगन्नाथपुरी आदि स्थानोंको पवित्र तीर्थ स्थान रूपसे स्वीकारा गया है। शैवोने जैसे सोमेश्वर,अंकलेश्वर–तडकेश्वर जगदीश्वर, नगेश्वर–इकलिङ्ग भीडभंजन प्रभृति स्थान नगर गतमंदिर मूर्तियोंकों पूज्य माना है। इस्लामवालोंने जैसे मक्का, मदीना, ख्वाजापीर, ताजबीवी,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

जुमामस्जिद वगैरह जागाको अपने मान्य और पवित्र पाक समझा है। पंजाबमें सिक्ख महाशयोंने जैसे अमृतसरके दरबार साहिबको, तरनतारनको, भदैनी साहिब और रोड़ी साहिबको। गुसाँइ समाजने बद्रीकी के मंदिरको। रामचंद्रजीके उपासकोंने सेतुबंध रामेश्वरको, वैदिक पौराणिकोंने काशी-बाणारसीको। नदियोंके भक्तोंने जैसे गंगा यमुना त्रिवेणी सरस्वती वगैरहको अपने पुण्यक्षेत्र माने और स्वीकारे है, ऐसे जैन संप्रदायमें-शत्रुंजय-गिरिनार-आबु-अष्टापद-सम्मेतशिखर-कुलपाक,जीरावला-अंतरिक्ष-माँडवगढ, अवंती, केसरियाजी, कांगडा, कावी, भेरा, हस्तिनापुर, पावापुरी, चंपापुरी, राणकपुर, वरकाणा, शंखेश्वर, भोयणी, नाडोल, नाडलाइ, मुछाला महावीर, पानसर, मित्राणा, झगडिया, महुवा, डाठा, फलौधो पार्श्वनाथ, कापरडाजी, ओसिया आदिको पावन तीर्थ स्थल माने गये हैं। उनमेंभी तीर्थाधिराज श्री शत्रुंजय और गिरिनारको अत्युत्कृष्ट तीर्थोत्तम सदा स्मरणीय सदा वंदनीय पूजनीय माना है।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

तीसरे आरे के अवसान समयमें पहले तीर्थंकर श्री " ऋषभदेव स्वामी " हुए हैं, उनके चौरासी गणधरोंमेंसे " पुंडरीक स्वामी " जो मुख्य शिष्य थे, उन्होने खुद श्री ऋषभदेव स्वामीके मुखारविन्दसे श्री शत्रुंजय महातीर्थ का माहात्म्य सुन कर सवा लाख श्लोक प्रमाण श्री शत्रुंजय माहात्म्य नामक ग्रंथका निर्माण कियाथा. एदंयुगीन मानवोंको अल्पायुः और अल्पमेधावी जानकर श्रीवीरप्रभुके पट्टधर पंचम गणधर श्रीसुधर्म स्वामीजीने उस महान् ग्रंथको घटाकर २४००० श्लोकमें रचाथा, आगामी कालके मनुष्योंकी स्थितिका पर्यालोचन करते हुए श्री " धनेश्वरसूरि "जीने श्री गणधर प्रणीत ग्रंथको भी १०००० श्लोकोंमे संक्षिप्त किया है।

फिल हाल श्री आदि नाथ–भगवान् के तीर्थसे लेकर आज तक यह तीर्थ–जैन प्रजा के ही सर्वथा माने गये हैं और माने जा रहे हैं। हां कोई ऐसा भी समय आजाता है कि–उन उन देशोंके या नगरोंके नरेश जब प्रबल

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पक्षपाती होजाते हैं तब वह उन तीर्थोंपर अपनी अपनी श्रद्धा के मुताबिक मनमाने अधिकार जमानेका उद्यम करते हैं। ग्यारवीं शताब्दिमें जब संडेर गच्छ नायक-श्रीयुत्-ईश्वर सूरिजीके पट्टधर-श्री यशोभद्र सूरिजी *आहडके रहनेवाले मंत्रीके संघके साथ श्री शत्रुञ्जय और गिरिनार तीर्थकी यात्रा

---

१. आचार्य श्री यशोभद्र सूरिजीका-जन्म विक्रम संवत् ९५७ में आचार्य पट्टी संवत् ९६८ में। और १०३९ में स्वर्गवास। जन्मसे ११ वें वर्ष सूरिपद और उसी दिनसे यावज्जीवतक आंबिलकी तपस्या। आंबिलमें भी फक्त ८ कवल प्रमाण ही आहार। विशेष वर्णन मेरे लिखे श्री यशोभद्र सूरि चरित्रसे, या श्री विजयधर्म सूरि संपादित ऐतिहासिक रास संग्रह भाग दूसरे से जानो।

*आहड-का प्राचीन नाम आघाट है, प्राचीन तीर्थोंकी नामावलीमें-"आघाटे मेदपाटे" ऐसा जो उल्लेख है वह इसी हि नगरके लिये है. यहां आज भी जैनके विशाल-और उत्तुंग मंदिर हैं।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

करने गये थे उस वक्त जूनागढका राजा [२]रावखेंगार जूनागढकी गादी पर था. उसने सूरिजीका बडा सत्कार किया. और उन्ही आचार्यश्रीजीके शिष्य " बलिभद्र " मुनि जब किसी संघपति के बुलानेपर वहां गये तब वह ही रावखेंगार बुद्धधर्मका पूर्ण पक्षपाती हो गया था.

। यह वृतान्त संक्षेपसे नीचे लिखा जाता है ।

किसी पुण्यात्मा कल्याणार्थी जीवने गुरूपदेश को श्रवण करके लक्ष्मीके सदुपयोगका उत्तम मार्ग समझ कर श्री सिद्धगिरि और रैवताचलका संघ निकाला. श्री संघ जगती तिलक श्रीशत्रुंजय तीर्थकी

"यह आहडा ग्राम—उदयपुरसें १ मील पूर्वकीं ओर रेल्वेस्टेशनके पास है. आजकल राणा वंशका दग्ध स्थान यही है । यह गाम तीर्थभी माना जाता है ।

२—राव खेंगार वि.सं. ९१६ में गादीपर बैठा था. इसके बापका नाम नवघन था ।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

यात्रा करके जब गिरिनार पहुंचा तव वहांके राजा रावखेंगारने उन्हे ऊपर जाने से रोका और कहा " यह तीर्थ बुद्ध धर्मका स्थान है, इसपर तुमारा किसी किसमका दखल नहीं, अगर तुम इस तीर्थकी यात्रा करना चाहते हो तो तुमको पहले बौद्ध धर्मको मानना जरूरी है, सिवाय इस शरतके तुम इस तीर्थ पर किसी तरहभी पूजा सेवाका लाभ नही ले सकते ! ! उसवक्त वहां औरभी ८३ गाम नगरों के संघ आये हुएथे. उन सर्व संघपतिओंने खेंगारको अनेक रीतिस समझाया प्रलोभन तक भी दिया परंतु वह अपने हठसे न फिरा। संघवियोंने अपने सहचारियोंको पूछा कि अब क्या करना चाहिये ? संघके साथ जो वृद्ध विश्वसनीय मनुष्य थे, उन्होंने कहा इसवक्त किसी प्रभावक पुरुषकी आवश्यकता है। इतने में "अंबिका" माताने किसी मनुष्य के शरीरमें प्रवेश करके कहा, किसी दुष्ट व्यन्तरने बौद्ध धर्मपर अपनापना होनेसे इस तीर्थको बौद्ध तीर्थ ठहराया है, और राजा उस धर्मको मान देता है। जाओ फलानी पर्वत गुफामेंसे बलभद्र मुनिको ला-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ओ वह हरतरहसे समर्थ है। संघवियोंके बुलानेपर मुनिने वहां आकर राजाको समझाया. परंतु जब देखाकि यह सामसाध्यतो नहीं तब अपनी मंत्र-शक्तिसे उसे वशवर्त्ती करके श्रीतीर्थाधिराज गिरिनारको जैन संप्रदायके हस्तगत किया (विशेष के लिये देखो ऐतिहासिक रासंग्रह भाग दूसरा और उपदेश रत्नाकर संस्कृत, पत्र ९३। ९४।

सज्जनकी विचार पटुता–और सिद्ध राजाका–औदार्य–

अकसर करके इतिहास ग्रंथोंमें प्रसिद्ध है कि "वनराज चावडे" ने विक्रम–संवत् ८०२ में राज्य सिंहासनपर बैठकर जांबकों अपना प्रधान मंत्री बनाया था. जांब जैन धर्मका पक्का उपासक था। वनराजके पाट पर हुए २ योगराज १ क्षेमराज २ भूवड ३ वैरिसिंह ४ रत्नादित्य ५ सामंतसिंह ६। यह सात राजा (चावडा वंशीय)–और–

वृद्ध मूलराज १ चामुंडराज २ वल्लभराज ३ दुर्लभराज ४ भीमराज ५ कर्णराज ६ जयसिंहदेव

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

७ कुमारपाल ८ अजयपाल ९ लघु मूलराज १० लघुभीमराज ११ राजा (चौलुक्य वंशीय)–और वीरधवल १ वीसल देव २ अर्जुन देव ३ सारंग देव ४ वेला कर्ण देव ५ (वाघेला वंशीय)

इन गुर्जर राजाओंकी राज्य सत्तामें मंत्री, महामंत्री–दंडनायक–सेनापति–वगैरहजो जो होते रहे हैं वह सभी के सभी प्रायः जैनधर्मानुयायी ही होते रहे हैं। और अपनी अपनी शक्ति के अनुसार शत्रुंजय गिरिनार आदि तीर्थोंका उद्धार करते ही रहे हैं। महाराजा सिद्धराज के समय सज्जन नामक दंडपति जो कि काठियावाडका अधिकारी था. उसने सोरठ देशकी तीन वर्षकी आमदनी खर्च करके श्री गिरिनार तीर्थकी मुरम्मत कराई। जब वह पाटण आया तब राजाने उससे रुपया मांगा। उसने थोडे दिनोंके लिये फिर सौराष्ट्रमें जाकर जैन शाहुकारोंसे रुपया मांगकर पाटण आकर राजाके सामने रख दिया और नम्रभावसे अर्ज की, कि ३ वर्षका वसुल किया हुआ राजद्रव्य मैंने तीर्थोद्धारमें लगा दिया है और यह द्रव्य शाहुकार

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

लोगोंसे मांगकर लाया हूं। आपकी मरजी हो तो आप रुपया लेलेवें और आपकी इच्छा हो तो आप तीर्थोद्धार के पुण्यकी अनुमोदनाका फल प्राप्त करें।

राजाने दंडनायककी तारीफ करते हुए कहा "तुमने इस युक्तिसेभी हमको पुण्यके भागी बनाए। इस लिये हम तुमारी सज्जनताकी पुनः पुनः श्लाघा करते हुए उस पुण्यकी श्लाघासे पूर्ण तृप्त हैं। द्रव्य जहां जहांसे लाये हो उनको वापिस लौटा दो धन विनश्वर है और धर्म अविनाशी है। धन यहांका यहां रहने वाला है और धर्म भवान्तरमेंभी साथ आकर मनुष्यको हर एक समय सहायक होनेवाला है। इस वास्ते हमको पुण्यका स्वीकार सर्वथा इष्ट है और हम इस बिना पूछे किये कामके लिये भी तुमपर पूर्ण खुश हैं."

धन्य है ऐसे राजभक्त कर्मचारियोंकों! और साधुवाद है ऐसे नरेशोंकों!!

एक समय राजा सिद्धराज खुद गिरनार तीर्थकी यात्रा करने गये। तीर्थाधिराजकी पवित्रता-उत्तमतासे अति प्रसन्न हो कर उन्होंने कुछ गाम

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

भेट किये और आशातनाके परिहारके लिये कुछ फरमान जारी कर दिये। जैसे कि-इस तीर्थपर फलाना फलाना काम किसीने नही करना (इस वर्णनके लिये मेरा लिखा कुमारपाल चरित्र हिन्दी पुस्तक देखो)

दिगंतकीर्त्तिक-महाराज-सिद्धराजका जैन धर्मसे इतना घनिष्ट संबंध था कि-अन्य केई एक इतिहासकारोंने तो उन्हें जैनहीके नामसे लिखडाला है। " कर्नल जेम्स टॉड साहेबने अपने बनाये टॉड राजस्थान नामक पुस्तककी फुटनोटमें लिखा है कि " सिद्धराज जयसिंहने संवत् ११५० से १२०१ तक राज्य किया, प्रसिद्ध निडवियन भूगोलवेत्ता [एलएड्री] इसकी राजसभामें गयाथा। एल, एड्रीसीभी कहता है कि-जयसिंह सिद्धराज बौद्ध धर्मावलंबी था। टॉड राजस्थान अध्याय ६। फिर देखना चाहिये कि-इतिहास लेखक-राजा शिवप्रसाद-सितारे हिन्द क्या ब्यान करते हैं-

"इदरीसि जो ग्यारहवी सदीके आखीरमें पैदा हुआ था. लिखता है कि-अणहिल्लवाड (अर्थात्

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

सिद्धपुर पाटण) का राजा बौद्ध है. सोनेका किरीट सिरपर पहनता है. घोडेपर बहुत सवार होता है, हिन्दुस्तानके आदमी बडे इमानदार है। अगर कोइ किसी अपने कर्जदार के गिर्द हल्का खिच देता है जब तक वह कर्जदार कर्ज अदा या इजाजत हांसिल नही करता हल्केसे बाहिर नही निकल सकत। गोशतके लिये कोइ जानवर नहीं मारा जाता गाय बैलेांकेां बुढापेमेंभी खानेको मिलता है। (बौद्धसे वाचक महाशय जैनही समझें क्यों कि- ग्रंथकर्त्ताने स्वयंही ग्रंथके ९ वें पृष्ठमें लिखा है कि)-"हमने जो जैन न लिखकर *गौतमके मतवालेांकेां बौद्ध लिखा उसका प्रयोजन केवल इतना ही है कि-उनको दूसरे देशवालेांने बौद्धके नामसे ही लिखा है, जो हम जैनके नामसे लिखें तो बडा भ्रम पड जायगा (इतिहास तिमिरनाशक खंडतीसरा। पृष्ट ५४)

---

* गौतम-श्री महावीरस्वामीके सबसे बडे शिष्यका नाम था जिसकेां जैन जाति "गौतम स्वामी" इस नामसे पहचानती है।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

–तीर्थभक्ति–और–सुगममार्ग–

आबुरोड (खराडी) से देढ दो माईल पूर्वकी तर्फ कुछ खंडहर पडे हुए दिखाई देते हैं, यहां पहले जमानेमें "चंद्रावती" नगरी आबादथी। राजा भीमके सेनापति विमलशाह मंत्री राजा से नाराज होकर यहां आकर द्वादश छत्रपति राजा हुएथे। और–आबुके जैनमंदिर उन्होंने यहां रहकर ही बनवाये थे. चौलुक्यकुलतिलक कुमारपाल जब–रणथंभोरपर चढाई लेकर गये तब यहां के राजा सामन्तसिंहने अन्तर्दिष्ट–और मुखेमिष्टवाली कपट जाल फैलाकर सोलंकी राजाका नाश करना चाहा था–परंतु–कुमारपाल अपनी दीर्घदार्शितासे उसके उस प्रपंचको जान गयाथा। आते हुए उसने सामंतसिंहको पुण्यका चमत्कार बतला कर सत्य रूपसे समझा दिया था कि–" यस्य पुण्यं बलं तस्य "

इस चंद्रावतीका रहीस उदयन नामक शाहुकार जो घीका व्यापारी था. फिरता फिरता खंभात चला गया. वहां उसको अछे शकुन हुए। थोडे अरसेमें सिद्धराजकी तर्फसें वह सरकारी नौकर बनाया गया।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

क्रमशः एक समय ऐसा भी आगया कि गुर्जरपति सिद्धराज के वो पूर्ण विश्वासपात्र मंत्री बन गये। सिद्धराजकी मृत्युके पीछे वह, कुमारपालके भी वैसे ही मानीते मंत्री बने रहे। कुमारपालका इनपर बडा भरुसा था। बल्कि सिद्धराज जयसिंहकी तीव्र इच्छा इनके लडके चाहडको राज्य देनेकी होनेपर भी यह नर रत्न कुमारपालको राज्य दिलानेमें और संकट ग्रस्त कुमारपालकी जान बचानेमें पूरे पूरे मददगार थे। सोरठ देशके समर राजासे लडने वास्ते फौज दे कर कुमारपालने इन्हे सौराष्ट्र भेजा था। उसे कथाशेष कर—और उसके लडकेको उसकी गादीपर बैठाकर उदयन मंत्री पीछे लौट रहे थे कि—रास्तेमे उनकी तबीयत बहुत बिगड गई। अनेक उपाय करनेपर भी उन्हें कुछ आरामन हुआ। उन्होंने जब जाना कि मेरा यह अवसान समय है तब अश्रुपात कर रो पडे! पास के लोगोंने उनको अनेक तरहसे आश्वासन दिया। तब वह बोले मैं मरनेके भयसे नहीं रोता, मेरे निर्धारित चार काम शेष रह जाते हैं और मेरी जीवनदोरी समाप्त होती है!! परंतु इसमें किसीका भी उपाय नहीं।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

पासके लोगोंने पूछा आप कृपाकर उन कामोंका नाम बताओं हम राजासे और भट्ट आपके पुत्रोंसे पूर्ण करायेंगे। मंत्रीने कहा—मैं चाहताथाकि—आम्रभट्ट (अंबड) को दंडनायक की पद्वी दिलाउं। १। दूसरी मेरी इच्छाथी कि—श्री शत्रुञ्जयतीर्थका उद्धार कराउं॥ २॥ तीसरा मेरा मनोरथ थाकि गिरिनार तीर्थकी पौडियां बनवाउं ॥ ३ चौथी मेरी उत्कट कल्पना यह थी कि जब कभी मेरा मृत्यु हो उस वक्तमें अपने अंत्यसमयकी आराधना मुनि महाराजके सामने करुं और उन महात्माओंके सन्मुख आलोचना करके अपने इस भारी आत्माकों हलका करुं ॥ ४॥ इन चार कार्योंमें से एककीभी सिद्धि न होनेसे मैं अपने हताश आत्माको धिक्कार कर रो रहा हूं !

पास बैठे हुए मंत्री लोग बोले आप निश्चिंत रहें पहले ३ कार्य तो आपका सुपुत्र बाहड करेगा। और आलोचना के लिये हम साधु महाराजकी तलाश करते हैं। देखनेसे (मालूम हुआ कि इस जंगलमें मुनि राजकी योगवाइ तो मिल

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

नही शकती। उस वक्त उन्होंने साधु धर्म के जानकार और धर्म के रहस्य के भी ज्ञाता किसी नौकरको थोडे अरसे के लिये साधुका वेष पहना कर मंत्री राजके सामने बुलाया, साधुको देख उसे गौतमावतार मान कर अशक्तिकी हालतमें भी मंत्रीको इतना हर्ष हुआ कि–वह उठ कर उस कल्पित मुनि के पाओंमें जा गिरा। और सारे जन्मके किये पापोंकी निन्दा आलोचना कर सद्गतिको प्राप्त हुआ। उस कल्पित साधुने जब देखाकि राज मान्य मंत्री मेरे पाओंमें पडा है तो उसे उस मुनि वेषपर बडा सद्भाव आया। उसने उस वेशका न छोड गिरिनार पर्वतपर जाकर साठ उपवासोंका अनशन कर अपना कार्य साध लिया.

मंत्रीके अंत्य कार्यको करके पाटन आये हुए उन लोगोंसे पिताकी मृत्यु सुन कर लडकोंने असीम दुख मनाया और निज पिताको ऋण मुक्त करने के लिये–बाहडने शत्रुंजय उद्धार कराया और अंबडने गिरिनारकी पौडियें बंधाई (देखो मेरा लिखा कु. पा. च. हिन्दी। बाहडने–शत्रुंजय और

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

समली विहारका उद्धार कराया–इसका वि. व. भी कु. पा. च. सें ज्ञात हो सकता है.)

सुना जाता है कि–कुमारपाल गिरिनार तीर्थ पर गये–परंतु रास्ता विषम होनेसे वह यात्रा न कर सके। राज सभामें उन्होंने एक समय यह प्रश्न किया कि गिरिनार तीर्थपर पौडियें बनानेका हमारा मनोरथ कौन पूरा कर सकता है ? इस पर किसी कविने आम्रभट्टकी बडी योग्यता–धर्म निष्ठा–क्रियाकुशलता–संसारविरक्तता–शासनप्रियता आदि गुणोंका परिचय कराकर कहा "धीमानाम्रः स पद्यां रचयतुमचिरादुज्जयंते नदीश्नः" (देखो द्रौपदी स्वयंवर नाटक)

उवदेश तरंगिणीमें बाहड मंत्री–जोकि अंबडका भाइ था उसके द्वारा इस कार्यका होना लिखा है.

यतः

" त्रिषष्टिलक्षद्रम्माणां,
गिरिनारगिरौ व्ययात् ।
" भव्या बाहड देवेन,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

पद्या हर्षेण कारिता ॥१॥

सुना जाता है कि, एक दिन भट्टारक श्री हीर विजयसूरिजीको गुरु महाराजकी तर्फसे एक पत्रमिला-उसमें लिखा हुआ था कि इस पत्रको पढकर तुरत विहार करना। उस दिन श्री विजय हीरसूरिजीके बेलेकी तपस्या थी तोभी गुरु महाराजकी आज्ञाको मान देकर फौरन विहार किया और-पारणाभी गामसे बाहिर जाकर किया!! संघने यह भक्ति राग-और गुर्वाज्ञाका सन्मान देखकर एक आवाजसे श्री जिनशासनकी और शासनाधार सूरिजीकी प्रशंसा की।

उसी विनयका यह फल था कि वह मुस्लमान बादशाह अकबरको अपना परमभक्त बनाकर उससे अहिंसा धर्मकी प्रवृत्ति करा सकेथे। और अपने लगाये दया धर्मके अंकुरोंको महान् सफलताओंके रूपतक पहुंचाने वाले-अर्थात्-अकबर बादशाहके निखिल राज्यमें वर्षभरमें ६ महीने तक जीवदया पलानेवाले विजयसेनसूरि शान्ति चंद्र-और भानुचंद्र जैसे भक्त और समर्थ शिष्योंको

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

तयार कर अपने सर्वांश परमभक्त परिवारकी शोभाकेां बढा सकेथे । और बादशाहकी तर्फसे आग्रह पूर्वक दिये हुए "जगद् गुरु" बिरुदको पाकर जिनशासन सुरतरुकी शीतल छाया नीचे सहस्रों नही बल्कि लाखेां मनुष्येांको शान्तिपूर्वक बैठा सकेथे । आप अढाई हजार साधु साध्वियेांके मालिक थे । पितातुल्य पुत्र प्रायः संसारके भाग्यवानेां के कुटुम्बेांमें देखे जाते हैं ।

आचार्य श्रीविजयसेनसूरिभी बडे प्रभावक आर समर्थ थे । योगशास्त्रके आद्य श्लोकके सातसै अर्थ करनेकी प्रतिभा इनकी हीथी । जैसी जगद्गुरु महाराजकी अपने गुरु विजयदानसूरिजीके प्रति भक्ति थी वैसीही विजयसेनसूरिजीकी अपने गुरु श्री विजय हीरसूरिजीके प्रतिथी । पंजाब देशके पाटनगर "लाहोर" में आपके दो चौमासे हुए । दूसरे चउमासेमे आपको समाचार मिलाकि–आपके गुरु महाराज सख्त बीमार हैं ! तब आपका मन घबरा उठा । अपने गुरु महाराजके अंतिम दर्शनेांके लिये आपने वहांसें बिहार किया । बडे शीघ्र प्रयाणसे आप

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अमदावाद तक पहुंचे थे कि–जगद्गुरु महाराजका ऊनामें स्वर्गवास हो गया। आप ऐसे तो आस्तिक थे कि–दशवैकालिक सूत्रका स्वाध्याय किये विना अन्नपानी नही लेते थे। जाप करनेमें आपका वडा लक्ष्य था। सिर्फ नवकार महामंत्रका ही आपने साढे तीन क्रोड जाप किया था। दो हजार साधु साध्वी आपके आज्ञा वर्त्तिथे।

त्याग वृत्ति तो आपकी इतनी उत्कृष्ट थी कि–जैन धर्ममें प्रसिद्ध छ विगइयोंमेंसे दूसरो विगइ आप एक दिनमें कभी नहीं लेतेथे। अर्थात्–प्रतिदिन पांच विगइयोंका त्याग कर फक्त एकही विगइसें शरीरयात्रा चलाते थे!!!

इस आपके विशुद्ध उच्च जीवनका जैन जाति पर तो पडे उसमें आश्चर्य नहीं बल्कि जहांगीर बादशाह पर बडा प्रभाव पडता था श्री शत्रुंजय और गिरनार पर आपको उत्कृष्ट भक्ति राग था। वि. वर्णनकेलिये देखो ऐतिहासिक (सज्झायमाला भाग १ ला।)

जहां अनेक जिनमंदिर पासपासमे हों उस

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

स्थान (प्रायःशिखर) कों ट्रूंक शब्दसें बुलाया जाता है। ऐसी टुंके श्री सिद्धाचलजीपर नव प्रसिद्ध हैं। गिरनारजीपर कितनी ट्रूंके हैं ? किस किस ट्रूंकपर जिनमंदिर जिनप्रतिमाजी हैं ? इस विषयका पुष्ट-प्रसिद्ध प्रमाण इसवक्त हमारे पास मौजूद नही। तथापि-गिरिनार महात्म्यके लेखकने जिन जिन ट्रूंकोंके नाम लिखें हैं-उन महान् शासन प्रभावक, और शासनप्रेमियेांके नाम हमभी दिङ्मात्र लिख देते हैं। वाचकेांकेां जहां कहीं गलती मालूम दे स्वयं सुधारकर वांचे, और-हमे सुधारनेकी सूचना दें, ताकि-किसी अन्य लेखमें उस सूचनाका सुधारा किया जाय।

ट्रूंक-वस्तुपाल-तेजपाल मंत्री.

गुजरात देशमें-वल्लभीपुर-पंचासर-पाटण-और धेालकामें-वावडा-चौलुक्य (सोलंकी) और वाघेलावंशीय राजाओंका राज्य करना प्रसिद्ध है। वाघेलावंशके राजा वीरधवलके अमात्य वस्तुपाल-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

और उसका छोटा भाई तेजपाल दृढ जैनधर्मी थे। इन्होने १२ दफा बडे समारोहके साथ श्रीशत्रुञ्जय तीर्थकी यात्रा कीथी। तेरवींवार श्री शत्रुंञ्जयतीर्थकी यात्रा करनेको जा रहेथे कि–रास्तेमें काठियावाढ प्रान्तमें लींबडीके पास "अंकेवाली" गाममें वस्तुपाल देवगत होगए। वस्तुपालके बनवाये आबुके जन मंदिरोंको देखनेके लिये सहस्रों कोसोंसे लोग आते हैं। अंग्रेज लोग फोटो उतार २ ले जाते हैं।

गुजरातके प्रभावशाली राजा भीमके प्रधान मंत्री विमलशाहने अगणित द्रव्य खर्चकर यहां जैन मंदिर बनवायाथा और उस मंदिरमें महाराजा संप्रतिके समयकी मूर्त्ति पधराकर विक्रम संवत् १०८८ मे प्रतिष्ठा करवाईथी।

उस मंदिरको देखकर महामंत्री वस्तुपालने शोभन नामक कारीगर (जो कि–उसवक्त सूत्रधारोंमे आला दरजेका हुश्यार समझा जाताथा) उसको बैसाही मंदिर बना देनेका फरमान किया शोभनने अपनी मातहदके २००० कारीगरोंको लगाकर अपनी निगाहबानी रखकर विमलशाह

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

शेठके बनवाये मंदिरके ठीक मुकाबलेका मंदिर तामीर कर दिया। मंदिर क्या बनाया ? मानो-स्वर्गका विमान नीचे उतारकर रख दिया है। आज भी देखकर दिल खुश खुश हो जाता है। जैसा विमल-शाह शेठका बनवाया मंदिर अवर्णनीय शोभाशाली है वैसाही वस्तुपाल तेजपालका मंदिरभी निहायत लायक तारीफ-और-अकलीम है। छत्तोंमे-रंगमं-डपमें और-मेहरावोंमें ऐसी ऐसी कारीगिरी की है कि-जिसका बयान जुबानसें नहीं किया जा सक-ता! जो जो वेलबूटे-कमलफूल-पुतलियां-गुलदस्ते बनाये है अच्छे अच्छे दीमागवाले कारीगर देख देखकर ताज्जुब होते हैं।

वस्तुपालके बनवाये मंदिरकी प्रतिष्ठा विक्रम संवत् १२८९ फाल्गुन सुदि ८ को हुईथी। यहां भेंसा शाह शेठका बनवाया मंदिर भी संसार भरमें दृष्टा-न्त भूत है परंतु हमारा मतलब वस्तुपालके बनवाये मंदिरसें ही है, क्योंकि हम वस्तुपालके सत्कार्योंका वर्णन कर रहे हैं.

वस्तुपाल तेजपाल चरित्र। कीर्त्तिकौमुदी-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सुकृतसंकीर्त्तनकाव्य। इन ग्रंथोमें महामात्यके किये धार्मिक-नैतिक-स्वकल्याण-परकल्याण के कार्यों-का सविस्तर वर्णन है.

महा अमात्य-वस्तुपाल तेजपाल के किये शुभ कार्योंका संक्षिप्त वर्णन.

(१३१३) नवीन जिनमंदिर कराये।

(३३००) जिन चैत्योंका जीर्णोद्धार कराया।

(३२००) जैनेतर मंदिर बनवाये।

(५५०) ब्रह्मशाला।

(५०१) तपस्वि लोगोकी जगह तयार कराई।

(५००) दान शालायें कराई।

(९८४) धर्मशाला (उपाश्रय) बनवाये।

(३०) कोट तयार कराये।

(८४) सरोवर खोदाये।

(४६४) वापी-बौली।

(१००) जैन सिद्धान्तोके भंडार किये।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

देश और धर्मकी रक्षा के लिये ६३ संग्राम किये ।

(१३) तीर्थ यात्राएँ की ।

(४००) पानी पीनेके स्थान बनवाये ।

जहां छाण कर पानी पिलाया जाता था

स्थंभनपुरमें विचित्र युक्तियुक्त विविध रचना विशिष्ट (९) तोरण करवाये जिनका निर्माण पाषाणसे हुआ हुआ था ।

(१०००) तपस्वियेांको उनकी योग्यताके अनुसार वर्षासन कायम कर दिये ।

वास्तु कुंभ वगैरह क्रिया के करनेवालेांकेां भी (४०६४) वर्षासन बंधा दिये कि जिससे आनंदपूर्वक उनका निर्वाह होवे ।

अन्यान्य ग्रंथेांमें इनके सत्कार्यांकेां और तरहसे भी वर्णित किया है अर्थात् किसी किसी वस्तुका प्रमाण ज्यादा कमती भी लिखा है ।

[देखो वस्तुपाल चरित्र श्री जैनधर्म प्रसारक सभा द्वारा मुद्रित]

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

[विशेष परिचय–वस्तुपाल तेजःपाल]

शहर पाटणमे पोरवाड जातीमें अनेक जगत् प्रसिद्ध–उदार–गंभीर परोपकार परायण–नरपुंगव होचुके हैं। इस जातिमें आसराज नामके एक प्रसिद्ध मंत्री थे उनका आबु मंत्रीकी कुमारदेवी नाम कन्यासे व्याह हुआ था. चौलुक्य राजाओंकी ओरसें उन्हे गुर्जरदेशान्तर्गत " सुंहाला " गाम बक्षीस था. आसराज कुछ अरसा पाटणमें रहकर पीछे सुहाले रहने लगे, वहां उनकों कितनीक संततिका लाभ हुआ. उन सब संतानोमें वस्तुपाल तेजपाल उनके प्रधान और अति प्रिय लडके थे। सुंहाला गाममें आसराजका स्वर्गारोहन हो गया तब वस्तुपाल–तेजपाल अपनी पूज्य माताकों साथ ले कर वढियार देशकी सीमाके गाम–मांडलमें चले गये। वहां कुछ अरसे तक रहनेसें प्रजाका उनपर वडा प्रेम बढा। परंतु " अनित्यानि शरीराणि " यह सिद्धान्त तो त्रिलोकी भरमें व्याप्त है। कुछ अरसे के बाद अनेकानेक धर्म क्रियाओं द्वारा अपने मानव जीवनकों सफल और समाप्त कर मांडलमें ही कु-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

मार–देवीभी देव गत हो गई। मातापिताके अति असह्य वियोगसें विधुरित मंत्रीराज अल्प नीरस्थ मीनकी तरह–आकुलव्याकुल हुए हुए दिन गुजार रहे थे कि श्रावण के मेघकी तरह धर्म नीर के वरसानेवाले श्री नयचंद्र सूरिजी ग्रामानुग्राम विचरते हुए मांडल पधारे मंत्री प्रभृति श्रद्धालु लोगोंकों सूरि राजका पधारना बडा लाभकारी हुआ कुछ दिनो तकके गुरु महाराज के संयोगसें दोनो भाइयोंका मन स्थिर हो गया। और प्रथमकी तरह वोह धर्म क्रियामें प्रवृत्ति करने लगे।

वस्तुपालकी ललिता देवी और तेजःपालकी अनुपमादेवी स्त्री थी जोकि–निहायत सुरूपा एवं सुशीलाथी. उन दोनोमें–दान देना–देवगुरुकी भक्ति करनी–धर्माराधन करना और त्रिविधयोगसें अपने अपने प्राणनाथ पतिकी भक्तिका करना-यह अनन्य साधारण और लोकप्रिय गुण थे।

नयचंद्रसूरिजी निमित्तशास्त्रमे बडे ही प्रवीण थे। उन्होने उन भाग्यवानोंका भावि महोदय देखकर श्री सिद्धाचलजीकी यात्रा करनेका–अर्थात् श्री

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

शत्रुंजय महातीर्थ के संघ काढनेका उपदेश दिया. अमात्य संघ लेकर पालीताणे गये आचार्य महाराजके सतत परिचयसें उनकी धर्म भावना और भी परिपुष्ट हो गई।

जब वह लौट कर पीछे आये तब गुर्जर पति वीरधवलने उन्हे अपने मंत्री पदपर प्रतिष्ठित कर लिया।

अनेक इतिहासकार लिखते हैं-कि-वनराजके पिता जयशिखरी के मारनेवाले कन्नोजके राजा-भूवडने गुजरातकी राजधानी-जयशिखरी के मरनेके बाद अपनी लडकी मिल्लण देवीकी शादी के वक्त उसे उसके दायजेमें दे दीथी. मिल्लण देवी यावज्जीव तक गुजरातकी आमदनी खाती रही अंत्यमें मर कर उसी अपनी पूर्वभवकी इष्ट राजधानीकी अधिष्टायक देवी हुई। उसने भाविकालमें म्लेच्छोंके आक्रमणसें गौर्जर प्रजाकों बचाने के लिये वीर धवलकों स्वप्नमें आकर-वस्तुपाल तेजपालकों अपने अमात्य बनानेका उपदेश किया.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

" सुकृतसंकीर्त्तन " काव्यमें लिखा-है कि- कुमारपाल राजाने अपने राज्य-वंशधरोंकी और पूर्वकालमें पुत्रसम पालनकी हुई गुर्जर भूमीकी म्लेच्छोंसें रक्षा कराने के लिये-देव भूमिसें आकर वीरधवलको उपदेश किया कि-राजधानीकी रक्षा- के लिये इन भाग्यवानोंकों अपने मंत्री बनाओ। मतलब इतना तो उभयतः सिद्ध है कि देवकी सहाय- तासे वस्तुपाल बंधु सहित मंत्री पदपर प्रतिष्ठित हुए।

मंत्रियुग्मने-दानशाला-धर्मशाला पौषध शाला-पाठशाला-वांचनशाला गौशाला-स्त्रीपुरु- षोंकी शिक्षणशाला वगैरह हजारों लाखो धर्मकार्य कर कराकर इस मानव जीवनको सफल कि- या। मेरे पास " गिरिनार तीर्थोद्धार प्रबंध " नामका एक प्राचीन पुस्तक है, उसमें ' रत्न ' श्रावक के किये श्री गिरिनारतीर्थ के उद्धारका वर्णन है और प्रसंगसें वस्तुपाल तेजपालके किये सत्कार्योंकी नामावली है उससें और कीर्तिकौ मुद्दिसें एवं " फार्बस साहिब " की बनाई रास- मालासें वस्तुपालकी बहुत अपूर्व चर्याका अवबोध

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.jainatagyanbhandar.com

होता है। वस्तुपालने जैसे आबु तीर्थपर मंदिर बनवाये थे ऐसे गिरिनारपर जो जिन मंदिर बनवाये हैं उनको " वस्तुपाल तेजपालकी टूंक " कहते हैं इस टूकमे मूलनायक श्री पार्श्वनाथ स्वामीकी प्रतिमा है और उस प्रतिमाजीकी प्रतिष्ठा विक्रम संवत् १३०६ में आचार्य श्री प्रद्युम्न सूरिजी के हाथसें हुइ है। वस्तुपाल चरित्रके छठे प्रस्तावमें कितनेक धर्म स्थानोके नाम भी दिये हैं जोकि इन दोनो मंत्रियोंने गिरिनारपर तयार कराये थे–इन भाग्यवानोंका यह सिद्धान्त थाकि–" सति विभवे संचयो न कर्त्तव्यः " किसी फारसी शायरने लिखा है– " बराय निहादन च संगोचजर "] जो दौलत एकठी करके जमीनमें डाली जाती है उसकी अपेक्षा पत्थर अच्छे, क्योंकि–जब जरूरत पडेगी पत्थर तो किसी काम आ जावेंगे, मगर यह दौलत जो जमीनमें गाडरखी है किसी दरकार न आयगी.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

वस्तुपाल तेजपालके गिरिनारपर बनवाये धार्मिक स्थानोंकी नामावली–

"वस्तुपाल विहार" नामका श्री आदीश्वर भगवानका विशालमंदिर। आदीश्वर प्रभुकी प्रतिमा। श्री अजितनाथ श्री वासुपूज्य–स्वामीकी प्रतिमायें। अंबिका माताकी मूर्त्ति। चंडप नामक अपने प्रपितामह–परदादाकी मूर्त्ति। श्री वीर परमात्माकी प्रतिमा। वस्तुपाल और तेजपालकी दो मूर्तियें। अपने पूर्वजोंकी मूर्त्तियोंके साथ श्री सम्मेतशिखरकी रचना। अपनी माता–कुमारदेवी, और–अपनी बहिनकी मूर्त्तियों सहित श्री अष्टापदजीकी रचना कराई। तीनही मुख्य मंदिरोंपर तीन कीमती तोरण बंधाये। श्री शत्रुंजय तीर्थ के रक्षक गोमुख यक्षका मंदिर बनवाया। हाथीकी सवारी सहित माताकी मूर्त्ति। श्री नेमिनाथ स्वामी के चैत्यके तीनही दर्वाजोंपर बहुमूल्य तोरण–बंधाये। उसमंदिरके–दक्षिण उत्तर विभागोंमें पिताकी और दादाकी मूर्त्तियें बैठाई।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अपने पूज्य माता-पिताके कल्याण के लिये श्रीशान्तिनाथ स्वामी-श्री अजितनाथ स्वामीकी कायोत्सर्गस्थ दो मूर्त्तियें स्थापन कराइं। मंदिरके मंडपमें -भव्य-मनोहर इन्द्र मंडप बनवाया-श्री नेमिनाथ स्वामीकी मुख्य प्रतिमा सहित-अपने पूर्वजोंकी मूर्त्तियोंवाला दर्शनीय मुखोद्घाटनक स्थंभ कराया। अपने पिता आसराज की और दादा सोमराजकी घोडेसवार मूर्त्तियें करवाई। अपने पूर्वजोंकी प्रतिकृतियोंके साथ सरस्वती माताकी मूर्त्ति आर देव कुलिकाएँ तयार कराई। अंबिका माता के मंदिर के आगे विशाल मंडप बनवाया। अंबिका माताकी मूर्त्तिका परिकर तयार कराया।

परम तेजस्वी तेजपालने अपने कल्याण वास्ते कल्याणत्रितय नामका श्री नेमिनाथ प्रभुका चैत्य-संगमरमरकी सुफैद फटिक जैसी शिलाओंसे बंधाया, और उस मंदिर के शिखरपर-सातसा चौसठ गद्याणे सुवर्णका कलश चढाया। और भी अनेक मूर्त्तियें भराई। प्रपाएँ लगवाई। भगवत् प्रतिमाओंकी पूजाके लिये पुष्प वाटिकाएँ

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

लगवाई इत्यादि सत्कार्य कि जिनका विस्तार करनेमें एक बडा ग्रंथ तयार हो सक्ता है.

टूंक-संग्राम सोनी-

आचार्य बुद्धि सागरजीने " जैनोकी प्राचीन-अर्वाचीन स्थिति " नामक पुस्तकमें वनियोंके ८४ गोत्र लिखे हैं. उसमें सोनी गोत्रका भी उल्लेख है. आज भी इस गोत्रके लोग मंदसोर मालवामें गुजरात के कितनेक शहरोंमें, काठियावाड के जेतलसर आदि गामोंमें विद्यमान हैं।

मुनि विद्याविजयजी संशोधित-ऐतिहासिक-सझायमाला नाम ग्रंथमें लिखा है कि-सोम सुंदर सूरि के उपदेशसें मांडवगढ के रहीस संग्राम सोनीने अनेक धर्मकार्य किये थे. आचार्य महाराजकों मांडवगढमें चौमासा कराकर उनसें पंचमांग श्री भगवती सूत्र सुनना शुरु किया था-जहां जहां गो यमा ! यह पद आता था संग्राम सोनी एक सुवर्ण मुद्रा (सोनामोहर) भेट किया करता था. छत्रीस

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

हजार जगह उसने उतनी ही अशरफियें भेट रख कर संपूर्ण भगवती सूत्र सुना । अठारां हजार उसकी माताने । नौहजार उसकी स्त्रीने इस प्रकार एक कुटुंबके ३ श्रद्धालुओंने ६३००० मोहरें चढाई थी । उस ज्ञान द्रव्यमें १ लाख ४५००० सोने मोहरे और भी मिला कर वह सब रकम उन्होने सोनहरी अक्षरोंसे कल्पसूत्र–और कालिकाचार्य कथा की प्रतियोंके लिखानेमें लगाई थी ।

यह महान्–प्रशस्यकार्य उन्होने विक्रम संवत् १४७१ में किया था । और प्रतियें वांचने पढने योग्य बडे बडे ज्ञान भंडारोमे रख दीथी । तपगतछाचार्य श्री सोम सुंदर सूरिजीका जन्म–वि. सं. १४३० माघ वदि १४ के दिन पालणपुर (गुजरात) में सज्जन शेठकी माल्हण दे नामक स्त्रीमें हुआ था. सूरिजीने सिर्फ ७ ही वर्षकी उमरमें श्री 'जयानंदसूरिजी के पास दीक्षालो थी । १४१० में वाचक पद–और १४५७ में इनकों आचार्यप दमिला था ।

[इस आचार्य भगवान् के--परिवार के परि-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

चय के लिये--मेरे लिखे "दान कल्प द्रुम" के संस्कृत उपोद्घातको देखनेकी जरुरत है)

गिरिनार माहात्म्यके लेखक मि. दौलतचंद बी. ए. ने जेम्स बर्जसका प्रमाण लिखकर संग्राम सोनीकों दिल्लीपति बादशाह अकबरका समान कालीन बतानेकी कोशिश की है और लिखा है कि संग्राम सोनी शहर पाटणका रहनेवाला था बादशाह अकबरका बडा सन्मान पात्र था, इतनाही नही बल्कि शहनशाह अकबर संग्रामकों "चचा" कहकर बुलाया करता था। इसमे सत्य गवेषणाके लिये उनके लिखाये ग्रंथ—और उनकी भराई जिन प्रतिमाओंके लेख ही बस हैं.

देखिये संग्राम सोनीके विषयमें पूर्वाचार्य क्या लिखते हैं।

श्री उदयवल्लभसूरीश्वरपट्टे श्री ज्ञानसागरसूरिगुरवः कथं भूताः? सत्यार्थाः, श्री विमलनाथचरित्र प्रमुखानेकनव्यग्रन्थलहरीप्रकटनात् सार्थकाह्वा येषां

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

श्री ज्ञानसागरसूरीणां मुखात् मंडपदुर्गनिवासी व्य-
वहारिवर्यः पातशाहि श्री खलची महिम्मद ग्यास
दीन सुरत्राण मद्त्त नगदलमलिक बिरुद्धरः साधु
श्री संग्राम सौवर्णिक नामा सद्वृत्तिकं श्री पंचमांगं
श्रुत्वा गोयमेति प्रति पदं सौवर्णटंककममुचत् ।
षट्त्रिंशत्सहस्र प्रमाणाः सुवर्णटंककाः संजाताः ।
यदुपदेशात्तद् द्रविणव्ययेन मालवके मंडपदुर्गप्रभृति
प्रतिनगरं गुर्जरधरायामणहिल्लपुरपत्तन-राजनगर-
स्तंभतीर्थ-भृगुकच्छप्रमुखं प्रतिपुरं चित्कोशमकार्षी-
त् । पुनर्यदुपदेशात्सम्यक्त्व स्वदारसंतोषव्रतवासि-
तान्तःकरणेन वन्ध्याम्रतरुः सफलीचक्रे । तथाहि-

एकस्मिन् समये सुरत्राणो वनक्रीडार्थमुद्यानं
जगाम । तत्रैको महाम्रतरुर्दृष्टः । श्री शाहिस्तत्र
गन्तुमारब्धः । तदा केनचित्प्रोक्तं महाराज नात्र
गंतव्यमयं वन्ध्य वृक्षः ! तदा शाहिना प्रोक्तमेवं
चेत्तर्हि मूलादुच्छेद्यध्वं । तदा संग्राम सौव
र्णिकेनोक्तं, स्वामिन्नयं वृक्षो विज्ञपयति यद्य-
यमागामिकवर्षे न फलिष्यति तदा स्वामिने यद्रो-
चते तत्कर्तव्यमिति । पुनः शाहिना प्रोक्तपत्राभि-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कारेकः प्रतिभूः ? संग्रामसौवर्णिकेनोक्तमहमेव शाहिनोक्तं त्वं प्रतिभूःपरं यद्ययं न फलिष्यति तदा तव किं कर्तव्यम् ? साधुनोक्तं यदस्य वृक्षस्य क्रियते तन्ममेति श्रुत्वा श्रीशाहिना आत्मीयास्तत्र पंच नराः स्थापिताः । तेषामुक्तं नित्यं विलोक्यमयमाम्रस्य किं करोति । अथ संग्रामसौवर्णिकस्तत्रनित्यमागत्य स्वपरिधानवस्त्रांचलप्रक्षालनजलेन तमाम्रं सिंचतिस्म, वक्ति च, अहो आम्रतरो ! यद्यहं स्वदरसंतोषव्रते दृढंचित्तोऽस्मि तदा त्वयाऽन्याम्रेभ्यः प्रथमं फलितव्यं नान्यथेति । एवं षण्मासं यावत् सिक्तः । इतश्च वसन्तर्तुरायातः तदा पूर्वमयमाम्रः पुष्पितः फलितश्च । तत्फलानि सौवर्णिकसंग्रामेन श्री शाहेः पुरो ढौकितानि । श्री शाहिनोक्तं कानीमानि फलानि ? श्री साधुनोक्तं तद्वन्ध्याम्रस्य इति श्रुत्वा श्री शाहिना भृशं नराः पृष्टाः तैर्यथावृत्तं सर्वं निगदितं, तत् श्रुत्वा परमचमत्कारप्राप्तेन श्री शाहिना अनेकनररत्नभूषितायां सभायां सर्वजनसमक्षं भृशं संग्रामसौवर्णिकः प्रशंसितः सप्त कुत्वः परिधापितश्च । अत्युत्सवपुरःसरं गृहे प्रेषितः । ततः

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

सर्वत्र संग्रामसौवर्णिकस्य यशः प्रससार । असौ संग्रामसौवर्णिकः षड्दर्शनकल्पतरुरभूत तद्यथा गुर्जरधरा निवासी कश्चिदाजन्मदरिद्रो विप्रः संग्राम सौवर्णिकं दानशौण्डं श्रुत्वा मंडपदुर्गमाजगाम, तत्र व्यवहारि सभायां स्थितस्य संग्राम सौवर्णिकस्य सविधमियाय दत्ताशीर्वादस्तत्र स्थितः । सौवर्णिकेनोक्तं द्विजराज ! कुतः समागतं ? तेनोक्तं क्षीरनिधेर्भृत्योऽस्मि, तेन भवन्नामांकितं लेखं दत्त्वा प्रेषितोऽस्मि । व्यवहारिभिरुक्तं देहि लेखं वाचयस्वेति च तेनोक्तं-तद्यथा " स्वस्ति प्राचीदिगन्तात्प्रचुरमणिगणै र्भूषितः क्षीरसिन्धुः क्षोण्यां संग्रमरामं सुखयति सततं वाग्भिराशीर्युताभिः । लक्ष्मीरस्मत्तनूजा प्रवरगुणयुता रूपनारायणस्त्वं, कीर्त्तिर्वासक्तिभावात्तृणमिव भवता मन्यते किं व दामन ॥ २॥ इति श्रुत्वा संग्राम सौवर्णिकः सर्वांगाभरणयुतलक्षदानं ददौ । ततो विप्र इतस्ततो विलोकितुं लग्नः । तदा व्यवहारिभिरुक्तं किं विलोकयसि ? तेनोक्तमाजन्ममित्रं दारिद्र्य विलोकयामि, हामित्र क गतोसीति कृत्वा पूच्चकार । पुनरुक्तं हुं ज्ञातं

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सभ्याः श्रूयतां–" यो गंगामतरत्तथैव यमुनां यो नर्म्मदां शर्म्मदां, का वार्ता सरिदम्बुलंघनविधेर्यश्चार्णवं तीर्णवान् । सोस्माकं चिरवंचितोपि सहसा श्री रूपनारायण ! त्वद्दानांबुनिधिप्रवाहलहरीमग्नो न संभाव्यते ॥ २ ॥ " इति श्रुत्वापि श्री सौवर्णिकः पुनर्लक्षं दापितवान् । [वृद्ध पौशालीय पट्टावली]

श्री उदय वल्लभ सूरिके पट्ट पर श्री ज्ञान सागर सूरि गुरु हुए, जो कि सत्यार्थ थे और जिन्होंने श्री विमलनाथ चरित्र, आदि अनेक नवीन ग्रन्थ समूह के प्रकट करनेसे अपने नामको सार्थक किया था । जिन श्री ज्ञानसागर सूरिके मुखसे–बादशाह श्री खिलजी महिम्मद ग्यास दीन सुलतान की दी हुई नगदल मलिक पदवीको धारण करनेवाले, मांडवगढ के निवासी तथा व्यवहारियोंमें श्रेष्ठ शाह श्री संग्राम सोनीने वृत्ति सहित श्री पञ्चम अङ्ग भ गवती) को सुनकर " गोयमा " इस प्रत्येक पद पर सुवर्णकी मुद्राएँ रखी थी इस प्रकार

स सहस्र सुवर्णकी मुहरें हो गईं, और जिनके उपदेशसे (उन्होंने) उस द्रव्य के व्ययके द्वारा

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

मालवा देशमें मांडवगढ आदि प्रत्येक नगरमें तथा गुजरात भूमिमें अणहिलपुर पाटन अहमदाबाद, खंभात तथा भरुच आदि प्रत्येक नगरमें ज्ञानभंडार करवाये। फिर जिनके उपदेशसे सम्यक्त और स्वस्त्री सन्तोष व्रतसे विशुद्ध मन हो कर जिन्होंने फल न देनेवाले आम्र वृक्षको सफल किया। देखो।

किसी समय सुलतान वनक्रीडा के लिये उद्यानमें गये, वहां उन्होंने एक वडे आम के वृक्षको देखा, बादशाह जब वहां जाने लगे तो किसीने उनसे कहा कि महाराज! वहां मत जाइये, क्योंकि यह वृक्ष निष्फल है, तब बादशाहने कहा कि–यदि यह बात है तो इस (वृक्ष) को मूलसे ही कटवा डालो, तब संग्राम सोनीने कहा कि–हे स्वामी! यह वृक्ष सूचित करता है कि–यह आगामी वर्षमें फल न देवे तो स्वामीको जो अच्छा लगे सो करें, फिर बादशाहने कहा कि–इस काम के लिये जमानत देनेवाला कौन है? तब संग्राम सोनीने कहा कि–मैं ही हूं, बादशाह बोला कि–तुम जुम्मेवार तो हो परन्तु यदि यह वृक्ष फल न देगा तो तुम्हारा क्या

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

किया जावेगा ? शाहने कहा कि–जो इस वृक्षका करें वही मेरा भी करें, इस बातको सुन कर बादशाहने वहां अपने मनुष्योंको रखदिया तथा उनसे कह दिया कि–तुम लोग प्रतिदिन देखते रहना कि यह (शाह) आम्र वृक्षका क्या करता है। इसके बाद संग्राम सोनी प्रतिदिन वहां आकर अपने पहिरनेके वस्त्र के धोनेके जलसे उस आम्र वृक्षको सींचने लगा तथा उससे यह भी कहता रहाकि–हे आम्र वृक्ष यदि मैं स्वस्त्री–सन्तोष–व्रतमें दृढ चित्त हूंतो तुमको दूसरे आम्र वृक्षोंसे पहिले फलना चाहिये, नहीं तो खैर। इस प्रकार उसने उस वृक्षको ६ मास तक सींचा और इतनेमें ही वसन्त ऋतु आ गया, तब यह आम्र वृक्ष (और वृक्षोंकी अपेक्षा) पहिले ही फूला और फला संग्रामसोनीने उसके फलोंको बादशाह के सामने उपस्थित–भेट कर दिया, बादशाहने कहाकि–ये किस जागाके फल हैं ? तब शाहने कहा कि–उस आम्र वृक्षके यह फल हैं, इस बातको सुन कर बादशाहने उन मनुष्योंसे सब बात पूछी, तब उन लो-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

गोंने सब वृत्तान्त यथावस्थित ज्यों कात्यों कह दिया, यह सुन कर श्री बादशाहने अत्यन्त चमत्कृत हो कर अनेक नर रत्नोसे अलङ्कृत सभामें सब लोगोंके सामने संग्राम सोनीकी अत्यन्त प्रशंसाकी, सात वार उनका परिधापन किया अर्थात् सात खिल्लतें सिरोपाव दिये तथा अति उत्सवके साथ उन्हें घर भेज दिया, तदनन्तर संग्राम सोनीका यश सर्वत्र फैला।

संग्राम सोनी षड् दर्शनोंमें कल्पतरुके समान थे, जैसे कि-गुर्जर भूमिका निवासी कोई ब्राह्मण जन्मसे ही दरिद्र था वह संग्राम सोनीको दान शूर सुन कर मांडवगढमें आया और व्यवहारियोंकी सभामें बैठे हुए संग्राम सोनीके पास पहुंचा, आशीर्वाद देकर वहां बैठ गया, सोनीने कहा कि हे विप्रराज। कहांसे आये हो? वह बोला कि-मैं क्षीर समुद्रका नौकर हूं, उसने आपके नामका एक लेख दे कर मुझे भेजा है, सोनीने कहा कि-बांचो, तब उसने लेखको इस प्रकार पढा स्वस्ति प्राची दिशा के अन्त भागसे बहुतसे मणिगणोंसे शोभित

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

क्षीर सिन्धु पृथिवी पर आशीर्वादसे युक्त वचनोंसे निरन्तर संग्रामको सुख देता है। उत्तम गुणोंसे विभूषित लक्ष्मी हमारी पुत्री है और तुम रूप नारायण हो, परन्तु कीर्तिमें आशक्त होनेके कारण आप लक्ष्मीको तृणवत् मानते हैं विशेष क्या कहें॥१॥ यह सुन कर संग्राम सोनीने अङ्कके सब आभूषणों सहित लाख रुपये दिये ब्राह्मण इधर उधर देखने लगा, तब व्यवहारिजनोंने कहाकि–क्या देखते हो ?–बोलाकि–मेरा जन्मसे ही जो मित्र दारिद्र था उसे देखता हूं, हा मित्र ! कहां चले गये ? इस प्रकार कह कर पुकारने लगा, फिर बोलाकि–हां मैंने जान लिया सज्जनों ! सुनो जोगङ्गा और यमुनाको पार कर गया था तथा जो कल्याणदायिनी नर्मदाके भी पार पहुंच गया था, नदियोंके जलके लांघनेकी तो उसकी बात ही क्या है जबकि वह समुद्र के भी पार पहुंच गया था, हे रूप नारायण। वह हमारा चिरसञ्चित भी मित्र आपके दान समुद्रके प्रवाहकी तरङ्गोंमें एकदम इस प्रकार गोता लगा गया है कि मालूम भी नहीं पडता है।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

इस बातको सुन कर श्री सोनीने फिर उसे लाख रुपये दिलवाये।

टूंक-कुमारपाल भूपाल.

सभ्य संसारको महाराज कुमारपालका परिचय दिलाना-सूर्यको दीवा दिखानेकी उपमा है. कौन ऐसा मनुष्य है जिसने इतिहासका थोडा बहुतभी ज्ञान प्राप्त किया हो। और कुमारपालसें अपरिचित हो ? परंतु हैं सृष्टिमें ऐसेभी कतिपय मनुष्यकि जिन्होने अपने घरोंकी राम कहानियां सुन सुनही जीवनकों इतिश्री तक पऊंचा दिया है, उन बिचारे प्रायः स्वसांप्रदायिक गोष्ठिप्रिय मनुष्येांकी कर्णगद्वरातक इस कीर्त्तिकौमुदिक यशस्वि राजाधिराजकी कथाका अंशभी उपकारी है, यह समझ कर सोलंकी कुल तिलक "उस त्रिभुवनपालक" महामंडलेश्वर-राजा कुमारपालका स्वल्प परंतु सर्व जनोपयोगि शब्दोंमे परिचय दिलाया जाता है.

प्रबंधचिन्तामणिसे पता मिलता है कि वि.सं.११२८ की चैत्र कृष्ण सप्तमी सोमवार हस्तनक्षत्र और नमी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

लग्नमे कर्णदेव गुजरातकी गादी पर बैठाथा, कर्णदेवकी एक मीनलदेवी नामक राणीथी जोकि कर्णाटकके राजा जयकेशीकी लडकीथी, उसकी कुक्षीसें सिंह स्वप्नसूचित एक लडका जन्माथा उसका नाम उन्होंने स्वप्नानुसार जयसिंह रखाथा. जयसिंहकों कर्णदेवने वि. सं. ११५० पौष कृष्ण तृतीया–शनिवार श्रवण नक्षत्र और वृष लग्नमें सिंहासन पर बैठायाथा. और खुद कर्णराज कर्णावती नयी नगरी वसाकर रहने लगाथा. राज्यारोहणके समय जयसिंहकी अवस्था ३ वर्षकी थी.

कर्णदेवने २९–वर्ष ८ मास–२१ दिन राज्य किया था। सिद्धराज जयसिंहने ११५० में तख्तनशीन होकर ११९९ तक राज्य किया।

सिद्धराज जयसिंहके अवसानका साल संवत् प्रबंधचिन्तामणिकारने नहीं लिखा। यहां हमने जो उल्लेख किया है सो " राजावलि कोष्टक और प्रभावक चरित्रके आधारसें किया है।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

"द्वादशस्वथ वर्षाणां, शतेषु विरतेषु च ।
एकोनेषु महीनाथे, सिद्धाधीशे दिवंगते ॥

(देखो प्रभावक चरित्र पत्र ३९३.

कुमारपालके गुणानुवाद जैन करें यह तो संगतही है परन्तु जैनेतर लोगोंने भी इस भूपालकी कीर्तिके गायन करनेमें संकोच नही किया । कुमारपाल चरित्र द्वाश्रय जो महाराजा–गायकवाड सरकारकी ओरसे प्रगट हुआ है, उसकी प्रस्तावनामें–सद्गत प्रोफेसर–मणिभाई नभुभाई द्विवेदीने लिखा है कि–"कुमारपालने जबसें अमारी घोषणा "–(जीवहिंसाबंद) की तबसें यज्ञयागमें भी मांस " बलि देना बन्द हो गया, और यव तथा शालि " होमनेकी चाल शुरु हो गई । लोगोंकी जीव " उपर अत्यन्त दया बढी । मांसभोजन इतना– " निषिद्ध हो गया कि–सारे हिन्दुस्थान (बंगाल " –पंजाब–इत्यादि एक, या दूसरे प्रकारसे थोडा " बहुत भी मांस हिन्दु कहलानेवाले उपयोगमें " लाते हैं परन्तु गुजरातमें तो उसका गंध भी लग

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

" जाय तो झट स्नान करने लगजाते हैं । ऐसी
" वृत्ति लोगोंकी उस समयसें बांधी हुई आज प-
" र्यंत चली जा रही हैं).

(देखो कुमारपाल चरित्र हिन्दीकी–और कु-
मारपाल द्वाश्रयकी प्रस्तावना).

राजस्थानके कर्ता–कर्नल–टोड–साहिबकों चि-
त्तौडके किलेमें राजा लक्ष्मणसिंहके मंदिरमें एक
शिलालेख मिला था. जो कि–संवत १२०७ का लि-
खा हुआ था उसमें महाराज कुमारपालके वियमें
लिखा है कि–महाराजा कुमारपालने अपने प्रबल
प्रतापसे सब शत्रुओंकों दल दिया जिसकी आज्ञाकों
पृथ्वीपरके सब राजाओंने अपने मस्तकपर चढाईथी।
जिसने साकंभरी पतिको अपने चरणोंमें नमाया
था । जो खुद हथियार पकडकर सपादलक्ष (देश)
तक चला गया था. सब गढ पतियोंको नमाया.
था सालपुर (पंजाब) कों भी वश किया था ।

(वेस्टर्न इंडिया टाड कृत)

फारबस साहिबने कितनेक कुमार पालके समयके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

लेखोंका उतारा लिया है जिसमें एकतो–मारवाड देशमें "वाहडमेर" गांवके ताबे 'हाथमोनीनामक गामसें थोडी दूरीपर "केराडु" गाम है, जोकि–बाडमेरसें थोडेसे कोसके फांसले पर है वहां जीर्ण मंदिरोंके और घरोंके खंडेरोमेंसे अनेक शिलालेख मिलते हैं मंदिरके एक थंभे पर–संवत् १२०९ माघ कृष्ण चतुर्दशी–शनिवार का लिखा कुमारपालके समयका लेख मिला है" उसमे कुमारपाल के सत्ता समयमे अभय दान दिलानेका अधिकार है जो कि–अष्टमी–एकादशी–चतुर्दशी इन ३ दिनोके वास्ते ३ गामेमें अमारी फैलानेका सूचक है लेख लंबा होनेसें यहां अक्षर अक्षरका उतारा न करके सूचना मात्र दी गई है।

जोधपुर के राज्यान्तर्गत 'रत्नपुर' कोइ कसबा है उस गामकी पश्चिम दिशामें शिव मंदिरके घुंमटमें एक शिला लेख है "उसमे" समस्त राजविराजित–महाराजाधिराज–परम भट्टारक–परमेश्वर निज भुज विक्रम रणांगण विनिर्जित.....

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

..... पार्वती पति वर लब्ध प्रौढ–प्रताप–श्री कुमारपाल देव–कल्याण विजय राज्ये इत्यादि विशेषणोंसें सुशोभित लंबा चौडा लेख है और उसमे अमुक राजाकी राणीकी तर्फसें फरमान है कि अमुक–अमुक तिथियोंकों किसीने जीव हिंसा नही करनी अगर कोई जीव हिंसा करेगा तो उसकों ४ द्रम्म–(अशर्फियें–) दंड किया जावेगा.

देखो–फार बस साहिबकी बनाई रासमाला खड पहला पृष्ट–३०१–३०२.

इस भूपालने जैसे शत्रुंजयतीर्थपर–तारण दुर्ग (तारंगाजी) पर विशाल और उन्नत जिन चैत्य बनवाये थे वैसे प्रस्तुत तीर्थाधिराज श्री गिरिनार तीर्थपर जो चैत्य बनवाये थे उनकों आज अपने कुमार पालकी टूंकके नामसें पहचानते हैं, इन चैत्योंका निर्माण और इनकी प्रतिष्ठा विक्रम संवत् ११९९ से १२३० तक किसी भी सालमे हुई है क्योंकि–प्रस्तुत नरेशका सत्ता समय यह ही है ।

आपकी राजधानी अनहिलपुर–पाटन, भारतके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उस समय के सर्वोत्कृष्ट नगरोंमेंसे एक थी। समृद्धिके शिखर पहुंची हुईथी। राजा और प्रजाके सुंदर महालयोंसे तथा मेरु पर्वत जैसे ऊंचे और मनोहर देवभुवनोंसे अत्यंत अलंकृत थी। हेमचंद्राचार्यने 'द्वाश्रय महाकाव्यमें इस नगरीका बहुत वर्णन किया है, सुना जाता है। कि उस समय इस नगरमें १८०० तो क्रोडाधिपति रहतेथे। इस प्रकार महाराज एक बडे भारी महाराज्यके स्वामी थे।"

"आप जिस प्रकार नैतिक और सामाजिक विषयोंमें औरोंके लिए आदर्श स्वरुप थे, उसी प्रकार धार्मिक विषयोंमें भी आप उत्कृष्ट धर्मात्मा थे, जितेंन्द्रिय थे और ज्ञानवान् थे। श्रीमान् हेमचंद्राचार्यका जबसे आपको अपूर्व समागम हुआ तभीसे आपकी चित्तवृति धर्मकी तरफ जुडने लगी। निरंतर उनसे धर्मोपदेश सुनने लगे। दिन प्रतिदिन जैनधर्म प्रति आपकी श्रद्धा बढने तथा दृढ होने लगी। अंतमें संवत् १२१६ के वर्षमें शुद्ध श्रद्धानपूर्वक जैनधर्मकी गृहस्थ दीक्षा स्वीकारकी।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

सम्यक्त्वमूल द्वादश व्रत अंगीकार कर पूर्ण श्रावक बने उस दिनसे निरंतर त्रिकाल जिनेन्द्र भगवान् की पूजा करने लगे। परम गुरु श्री हेमचंद्राचार्यकी विशेष रुपसे उपासना करने लगे। और परमात्मा महावीर प्रणीत अहिंसा स्वरुप जैन-धर्मका आराधन करने लगे। आप बडे दयालु थे किसी भी जीवकेां कोई प्रकारका कष्ट नहीं देते थे। पूरे सत्यवादी थे, कभी भी असत्य भाषण नहीं करते थे। निर्विकार दृष्टिवाले थे, निजकी राणीयेांके सिवाय संसार मात्रका स्त्रीसमूह आपको माता, भगिनी और पुत्री तुल्य था। महाराणी भोपल देवीकी मृत्यु के बाद आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत पालन किया था, राज्य लोभसे सर्वथा पराङ्मुखथे। मद्यपान, तथा मांस और अभक्ष्य पदार्थोंका भक्षण कभी नहीं करते थे, दीन दुःखीयेांकेां और अर्थी जनेांको निरंतर अगणित द्रव्य दान करते थे। गरीब और असमर्थ श्रावकेांके निर्वाह के लिए हरसाल लाखेां रुपये राज्य के खजानेमेंसे देतेथे। आपने लाखेां रुपयेांको व्यय कर जैनशास्त्रोंका उद्धार कराया और अनेक

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पुस्तक-भंडार स्थापन किये। हजारों पुरातन जिन मंदिरोंका जीर्णोद्धार कराकर तथा नये बनवा कर भारत-भूमिको अलंकृतकी। तारंगादि तीर्थ क्षेत्रों पर के, दर्शनीय और भारत वर्षकी शिल्प कलाके अद्वितीय नमूनेरुप, विशाल और अत्युच्च मंदिर आज भी आपकी जैनधर्म प्रियताको जगत्में जाहीर कर रहे हैं। इस प्रकार आपने जैनधर्मके प्रभावको जगत्में बहुत बढाया। संसारको सुखी कर अपने आत्माका उद्धार किया एक अंग्रेज विद्वान् लिखता है कि-" कुमारपालनें जैनधर्मका बडी उत्कृष्टतासे पालन किया और सारे गुजरातको एक आदर्श जैन-राज्य बनाया।" आपने अपने गुरु श्री हेमचंद्राचार्यकी मृत्युसे छ महीने बाद १२३० में ८० वर्षकी आयु भोगकर, इस असार संसारको त्याग कर स्वर्ग प्राप्त किया "

[कुमारपाल चरित्रकी प्रस्तावनासे उद्धृत]

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

(टूंक संप्रति महाराज)

श्री वर्धमान स्वामी के पट्ट प्रभावक प्रथम श्री सुधर्म स्वामी पांचवें गणधर और पहले पट्टधर हुए। पचास वर्ष गृहस्थाश्रममें रह कर तीस वर्ष प्रभुकी सेवामें व्यतीत करके श्री वीरपरमात्माके निर्वाण बाद बारां वर्ष छद्मस्थ और आठ वर्ष केवली अवस्थामें सर्व आयुः सौ १०० वर्षका पूर्ण करके वीर प्रभुके निर्वाणसे वीस २० वर्षके बाद मोक्षगामी हुवे ॥१॥ उनके पाटपर जंबुस्वामी बैठे। जंबुस्वामीने ९९ कोटि सोनामोहरे छोड अप्सरा जैसी आठ स्त्रियोंका त्याग कर माता पिताकी आज्ञा लेकर सिर्फ सोला १६ वर्षकी छोटी उमरमें बाल ब्रह्मचारी पणे सुधर्म स्वामीके पास दीक्षा अंगीकार की। जंबुस्वामीने १६ वर्ष गृहस्थभावमें–वीस २० वर्ष व्रतपर्यायमें ४४ वर्ष युग प्रधान पदमें सकल आयु ८० वर्षका भोगकर श्री महावीरस्वामीके निर्वाणके बाद चौसठवे (६४) वर्ष मोक्ष पाप्त किया। ३।

श्री जंबुस्वामीके पाटपर श्री प्रभवस्वामी वि–

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.sudharmagyanbhandar.com

राजमान हुए वह तीस वर्ष संसारमें और ४४ वर्ष दीक्षावस्थामें रहकर ११ ग्यारह वर्ष युग प्रधान पदमें रहकर ८५ वर्षका सर्व आयुः पूर्णकर प्रभु श्री महावीरस्वामीके निर्वाणसे ७५ वर्ष पीछे मोक्ष पधारे । ३ ।

प्रभवस्वामीके पदपर श्री शय्यंभवसूरि बैठे और उन्होंने यज्ञकी क्रिया कराते हुवे यज्ञके स्थंभके नीचेसे श्री जिनराजकी प्रतिमाको प्रकट कराकर आत्म श्रद्धासे दर्शन किये. उसीही प्रशस्त योगके बलसे उनकों जैन दर्शनकी और चारित्र धर्मकी प्राप्ति हुई । प्रभवस्वामीने इन्हे प्रतिबोध कर अपना संयम श्रुत और आचार्य पद दिया पद परंपरासे शय्यंभव सूरिजी भगवानके चौथे पाटपर थे। आपने जब दीक्षाली उसवक्त आपके घर लडकेकी उमेद वारी थी आपके चारित्र लेनेके बाद आपकी सांसारिक धर्मपत्नीसे एक लडका पैदा हुवाथा जब वह लडका अपने आपकों अच्छी तरह समझनें लगा तब उसकों भी आपनें दीक्षित कर लिया । आपनें जब अपनें अपूर्व ज्ञान बलसे लडकेके जीवित तर्फ उपयोग

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.surtagyanbhandar.com

दिया तो सिर्फ ६ छः मासके बाद उसका काल दिखाई दिया आपनें उस स्वतनुजमुनिका शीघ्र कल्याण करनेके लिये " श्री दशवैकालिक " सूत्र बनाकर उस होनहार बालकको पढाया। लडका उस सूत्रके अनुसार क्रियाको पालकर समाधि पूर्वक अनशन कर देवभूमिमें देव हुवा।

दशवैकालिक सूत्र दिन प्रतिदिन संयमी चारित्रपात्र साधु साध्वी वर्गको उपकारी होने लगा, और दुप्पसहसूरि पर्यंत शासनको उपकारी होगा।४।

श्री शय्यंभव सूरिजीके पाटपर श्री यशोभद्र सूरिजी बैठे यह आचार्य २२ वर्ष सांसारिकअवस्थामें रहके दीक्षित हुवे १४ वर्ष सामान्य पर्यायमें रहे ५० वर्ष युगप्रधानपट्टी पाकर ६२ वर्षकी उमरमें श्री मन्महावीर निर्वाणसे ९८ वर्षके बाद स्वर्गारूढ हुए ॥ ५ ॥

इनके बाद श्री संभूतिविजय भद्रबाहु दो पद धर आचार्य हुवे

श्री संभूतिविजयजी ४२ वर्ष गृहस्थावस्था चा-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.surtagyanbhandar.com

लीस ४० वर्ष सामान्य पर्यायमें ८ आठ वर्ष युग प्रधानपनें रहकर ९० वर्षकी आयुः पूर्ण कर देव लोक गये।

भद्रबाहु स्वामी ४२ वर्ष संसारमें रहकर १७ सतारां वर्ष सामान्य पर्यायमें १४ वर्ष युगप्रधान पट्टी पालकर ७६ वर्षकी अवस्थामें माहावीर निर्वाण के १७० वर्ष बाद स्वर्गारूढ हुए ॥६॥

इनके पाटपर श्री स्थूलिभद्रजी बैठे स्थूलिभद्र स्वामी ३० वर्ष गृहस्थ रहे २४ वर्ष सामान्य साधुपनेमें रहै, ४५ वर्ष युग प्रधान पदमें रहे ९९ वर्षकी उमरमें श्रीवीरपरमात्माके निर्वाणसे २१५ वर्षे स्वर्गारूढ हुए ॥ ७ ॥

स्थूलिभद्रस्वामीके पाटपर आर्यमहागिरि और-आर्यसुहस्ति सूरिजी विराजमान हुए, आर्य-महागिरि बडे त्यागी थे प्रायः जंगलोंमें रहकर आत्मसाधन किया करते थे, जिन कल्प के व्यवछेद होनेपर भी उस कल्पकी तुलना किया करते थे!

आर्यसुहस्तिसूरिजो वस्तिमें रहतेथे परंतु बडे निर्लेप थे. बारांवर्षी दुष्कालमे किसी एक भिक्षा-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.surtagyanbhandar.com

चरकों भिक्षा देकर आपनें आपना शिष्य बनाया वह भिक्षाचर उत्तम भावसे एकही दिनका संजम पालकर कुणालका लडका संप्रति हुआ।

वह भाविभव्यात्मा संप्रति कुमार जब युवान हुवा तब नगरमें रथयात्राके साथ फिरते हुए आर्य-सुहस्ति सूरिजीको देखकर प्रतिबोधकों प्राप्त हुआ.

जन्मान्तरीय गुरु शिष्य संबंध उसने जाति-स्मर्णसें जान लिया. इसी ही लिये वोह आचार्य महाराजका पक्का उपासक बनगया. आचार्य महा-राजनें उसे जैन धर्मका स्वरुप समझाकर गृहस्था वस्थाके उचित धर्मसे विभूषित किया।

संप्रति नरेश वासुदेव न होकर भी त्रिखंडाधि-पति–अर्ध भरतभोक्ता अर्धसम्राट कहलाता था.

—✱—

॥ संप्रतिके किये शुभ कार्योंकी सूचि. ॥

१२०५००० बारह लाख पांच हजार जिन्न प्रासाद बनवाये.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

एक क्रोड पचीस लाख नये जिन बिम्ब बनवाये अनार्य देशोंमें जहां कि जैनधर्मको कोई नह जानता था वहां भी अपने निजके आदमियोंको भेज भेज कर धर्मकी प्रवृत्ति कराई।

कुछ अरसा पहले जब चिकागोमें एक सार्वजनिक महासभामें संसार भरके धर्मनेता एकत्र हुए थे तब जैन धर्मके नेता समझ कर श्री मद्दात्मारामजी महाराज को भी आमंत्रण आयाथा पूर्वोक्त सूरि श्री आत्मारामजी माहाराजने अपने धार्मिक असूलोंकी पाबंदीको मान देकर आप खुद न जाकर बैरिष्टर वीरचंद राघवजी गांधीको भेजाथा वीरचंद राघवजीने श्रीमान के सिद्धान्तोंको समझाकर और अनादिसिद्ध श्री जैनधर्मके तत्वोको बताकर उस देशके लोगोंको खूब धर्मप्रिय बनायाथा, गांधीजी जब लेक्चरों द्वारा उस देशकों जैनधर्मकी पवित्रता एवं प्राचीनता समझा रहेथे।

इतनेंमें वहांके किसी शहरमेंसे श्री सिद्धचक्र जीका अती प्राचीन यंत्र मिला वो वीरचंद गांधीको दिखलाया गया, और पूछा के यह क्या चीज है?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

खाने नौ ९ मालूम देते है और सब प्रायः घसा हुवा होनेसे समझमें नहीं आता गांधीजीने अपने पाससे सिद्धचक्र नवपदजीका मंण्डल दिखलाकर उन्हें समझाया कि यह अमुक चीज है इसी प्रकार अष्ट्रीयाके "हंगरी" नामक प्रांतके "बुडापेस्त" प्रसिद्ध शहरमें किसी अंग्रेजके कुआ खोदते हुए, चरम तीर्थंकर श्रीमन्महावीर स्वामीकी प्रतिमा निकलीथी.

जैन इतिहासके अनुसार इन प्रदेशोंमें संप्रति नरेशका राज्य और जैनधर्मके सुचिन्ह प्रमाण सिद्ध है.

सारे सभ्य संसारका यह विश्वास है कि सन १४९२ ई०में "कोलंबस"ने अमेरिकाका आविष्कार किया। पर यह मत भ्रमात्मक है। वहां हिन्दू और बौद्धोंके बहुत पुराने चिह्न मिले हैं। दक्षिणी अमेरिकाके "पेरु" नामक राज्यमें एक सूर्य्य मन्दिर है। इसकी मूर्तिका आकार उनाव (दतिया) के सूर्य्य मन्दिरकी मूर्तिसे मिलता है। औरभी कई एक चिन्ह मिलते हैं। जिनसे बहुत पुराने जमाने में हिन्दुओंका वहां जाना साबित होता है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

प्रोफेसर जान फ्रायर अमेरिकाके 'हारपर्स' नामक मासिक पत्रमे एक लेख लिखकर यह बात साबित कर चुके हैं कि कपतान कोलम्बसके सैंकडों वर्ष पहले बौद्ध धर्म प्रचारक गण वहां गयेथे, और उन्होने बौद्धधर्म और एशियाई सभ्यताका प्रचार कियाथा।

हम कहते है वो सुर्य मंदिर नहीं परंतु जैनोका धर्मचक्रही क्युं न हो ?

पूर्वकालमें धर्मचक्र बनाये जातेथे और वोह देवमूर्त्तियोंकी तरह विधान पूर्वक मंदिरोंमें स्थापन किये जातेथे।

इस लेखके वाचन समय वाचक महोदय—पद्मासनासीन शान्तरसके विश्रोत एक परमयोगीकी प्रतिमाको देखेंगे, यह प्रतिमा उस जगत्पिताकी है कि जिसने अपने अशेष दुखोंका तिलाञ्जलि देकर संसार भरको अपने समान विर्द्वंद्व बनानेके लिये आत्मा मात्रको कल्याणका मार्ग बतायाथा, और अनादि कालीन अनंत जन्मोके परि दृढ बंधे हुए

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

कर्मोंका नाश करके अपने वीर महावीर जसे यथार्थ नामोको सत्य कर बतायाथा. जैनसमाजका मंतव्य हैकि—वीरप्रभुके समयमे जैनधर्म बहुत थोडे क्षेत्रमे था. उनके निर्वाणके २३५ वर्ष बाद राजा अशोकके पौत्र संप्रति नरेशने उस धर्मका बहुत दूर तक फैलाव कियाथा अशोकने जैसे बुद्धधर्मका प्रचार करनेके लिये अपने लडके और लडकीको सीलोन (लंकामे) भेज दिया था वैसे इस नृपतिने अपने विश्वासास्पद उपदेशकोंको अन्यान्य देशोमे भेजाथा. साथही यहभी जानना जरुरी है कि महाराज संप्रतिकी राज्य सीमासिर्फ भारतके अमुक देशनगरोमेही नही, किन्तु संसारके प्रायःप्रत्येक खंडमे फैली हुईथी.

अब सवाल यहां यह होसकता है कि ऐसे दिग्विजयी नरेशका जिकर अन्य सांप्रदायिक ग्रंथोमे और संसारके लभ्यशिलालेखोमे क्यो नही.

पहली शंकाके समाधानके वास्ते हमको राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्दके लिखे वाक्येांका उतारा कर लेना हीका फी होगा उक्त विद्वानने हिन्दु-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

स्थानका वर्णन करते हुए लिखाहै कि–"राज्य इस देशका सदासे सूर्य और चंद्रवंशि राजाओंके घरानेमें रहा. परंतु अगले समयके हिन्दु राजाओंका वृत्तान्त कुछ ठीक ठीक नही मिलता. और न उनके साल संवतका कुछ पता लगता है जो किसी कवियां भाटने किसी राजाका कुछ हाल लिखाभी है तो उसे उसने अपनी कविताकी शक्ति दिखलानेके लिये ऐसा बढाया है कि अब सचको झूठसे जुदा करना बहूत काठिन होगया.

सिवाय इसके ब्राह्मणोने बौधराजाओंको असुर और राक्षस ठहरा कर बहुतोंका नाम मात्रभी अपने ग्रंथोमे लिखना छोड दिया. और इसी तरह बौध ग्रंथकारोने इनके राजाओंका वर्णन अपनी पुस्तकोमें लिखना अयोग्य जाना तिसपरभी बहुतसे ग्रंथ अब लोप हो गये, बौधोंने ब्राह्मणोके ग्रंथ नाश किये. और ब्राह्मणोने बौधोके ग्रंथ गारद किये. मुसलमानोने दोनोको मिट्टीमे मिला दिया."

दूसरा सवाल यहभी होसकताहै कि–संप्रति राजाके नामका कोइ शिलालेख क्यो नही मिलता?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

इसका समाधान यह हं कि जैसे आज हिन्दुस्थानमे अनेक दानशील मनुष्य हैं बल्कि गिनती कीजाय तो हिन्दुस्थानमे प्रति वर्ष साठक्रोड रुपयेका दान होता है उनमे कितनेक उदार महाशय तो किसीकीभी आंखोके सामने दान नही करते और करके कभी कहतेभी नही. उनका कथन और मंतव्यहै कि–

" यज्ञः क्षरति असत्येन, तपः क्षरति मायया आयुः पूज्याऽपवादेन. दानं तु परि कीर्त्तनात् ॥१॥

अर्थ–असत्य बोलनेसे यज्ञका फल नष्ट होजाता है, माया करनेसे अर्थात् दंभ–कपट–परवंचना करनेसे तपका फल हारा जाता है अपने पूज्य उपकारी पुरुषोंका अपवाद करनेसे अर्थात् उनकी निन्दा करनेसे जिन्दगी घटती है और–दूसरेके पास प्रकाश करनेसे दूसरेके सामने अपनी बडाई करनेसे दानका फल अल्प होजाता है. यह समझकर कितनेक भाग्यवान क्रोडों रुपयोंका दान देते हुए भीनामवरीका लालच नही रखते. इससे मालूम होता है कि संप्रति महाराजभी अैसीही वृत्तिके मनुष्य

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

थे सुनाजाता है कि नवाङ्गी टीकाकार अभय देव-सूरिजीके संप्रदायमे शिलालेख लिखाना अनुचित समझा जाताथा.

कर्माशाह शेठके कराये श्री शत्रुंजय महातीर्थके उद्धारके कार्यमे सर्व प्रकारके स्वतंत्र अधिकारोंके होते हुएभी आचार्यश्री "विद्यामण्डण" सूरिजीने अपना नाम किसी शिलालेखमे दर्ज नही करवाया, दूर न जाकर वर्तमान युगकी विचारणा करते हुए मालूम देता है कि आजभी संसारमे ऐसे मनुष्य है कि जो कार्य करके भीनामकी परवाह नही करते जोधपुर राज्यान्तर्गत कापरडा तीर्थके उद्धारमे आचार्य श्री विजय नेमिसूरिजीने जो जो कष्ट सहन किये है; सुनकर अनहद अनुमोदना आती है, परंतु उस तीर्थ पर उन्होने अपना नाम किसी प्रशस्तिमे नही लिखवा.

अब मुख्य बात यह है संप्रति नरेशके होनेमें क्या प्रमाण है ? उसके उत्तरमें इतनाही कहना हो गाकि संप्रतिके अस्तित्वमे जैन इतिहासही प्रमाणभूत है ! संसारमे ऐसा कोई साहित्यक्षेत्र नही कि जिस-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

मे जैनसाहित्यके अंगभूत जैन इतिहासका प्रचार नही हो।

यहां प्रसंगसे जैन ऐतिहासिक ग्रंथोका परिचय करा देना उचित समझकर थोडोसे कथा ग्रंथोके नाम लिखे जाते हैं। वाचक महाशय उन्हे पढकर जरुर फायदा उठायेंगे।

(१) त्रिषष्टि शलाका पुरुषचरित्र–इस के कर्त्ता आचार्य श्री हेमचंद्रसूरि है आपका जन्म विक्रम सं. ११४५–निर्वाण १२३०।

(२) द्व्याश्रयकाव्य–(प्राकृत) कलिकाल सर्वज्ञ श्रीमान् हेमचन्द्राचार्यने विक्रम सं. १२०० के करीब इसकी रचना की है.

(३) द्व्याश्रयकाव्य (संस्कृत) उन्ही कलिकाल सर्वज्ञ श्रीमान् हेमचन्द्राचार्यकी यह रचना है। इसकी रचना वि सं. १२१७ के आसपास हुई है

(४) परिशिष्ट पर्व–यहकृति भी उपर्युक्त श्रीमान् हेमचन्द्राचार्यजीकीही है.

(५) कीर्तिकौमुदी–इस काव्यका रचयिता सोमे-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

श्वर भट्ट है–जोकि गुजरातके सोलंकियोंका पुरोहित था आपने इसकी रचना वि. सं. १२८२ के करीबकी है।

(६) वसन्तविलास–इसको बालचन्द्रसूरिने तेरहवीं शताब्दीमें बनाया है इसमें वस्तुपाल तेजपालका वृतान्त है।

(७) धर्माभ्युदय महाकाव्य–विजयसेनसूरिके शिष्य श्री उदयप्रभसूरिने तेरहवीं शताब्दीमे इसको बनाया है। १४ सर्गोमे यह काव्य विभक्त है

(८) वस्तुपाल तेजपाल प्रशस्ति श्रीमान् जयसिंहसूरिने तेरहवी शताब्दीमें इसे बनाया है.

(९) सुकृतसंतीर्तन–वि. सं. १२८५ के करीब लवणसिंहके पुत्र अरिसिंहने इसको बनाया है, इसमें अणहिलवाडेको वसाने वाले राजा वनराजसे लेकरके सुभट सामंतसिंह तकके चावडोंकी वंशावली तथा मूलराजसे भीमदेव तक के, अणहिलवाडेके सोलंकियोंका एवं अर्णोराजसे वीरधवल तकके धोलकाके वाघेलोंका संक्षिप्त वृतान्त और वस्तु-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

पालका विस्तृत चरित्र है, येांतो जिनहर्षका वस्तुपाल चरित्र सोमेश्वरकी कीर्तिकौमुदी सुकृत संकीर्तनका जर्मन भाषामें भाषान्तर प्रोफेकर डॉ. बुहलरने किया था और उसका अंग्रेजी अनुवाद, इ. एच. वरगसने इन्डियनएन्टिकवेरीमें भी प्रकाशित करवाया था ॥

(१०) हम्मीरमदमर्दन–यह एक नाटकका ग्रन्थ है इसकी रचना वीरसूरिके शिष्य जयसिंहसूरिने वि. सं. १२८६ के करीब कीहै।

(११) कुमारविहार प्रशस्ति–इस प्रशस्तिके कर्ता श्रीमान् वर्धमान गणीहैं तेरहवी शताब्दीमें यह बनाई है कुमारपालके बनाए हुए एक मंदिरकी यह प्रशस्ति है.

(१२) कुमारविहार शतक–इसके रचयिता रामचन्द्राचार्य है इसमें कुमारपालके बनाए हुए मन्दिरका वृत्तान्त है।

(१३) कुमारपालचरित्र–सोमेश्वर भट्टने इसको चौदहवीं शाताब्दीमें लिखा है इसमे राजा कुमारपालका चरित्र है।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

(१४) प्रभावकचरित्र–ऐतिहासिक विषयका यह उत्तम ग्रन्थ है, श्रीमान् प्रभाचन्द्र आचार्यने इसको वि. सं. १३३४में बनाया है। इसमें वज्रस्वामीं आदिके २२ प्रबंध है

(१५) प्रबन्ध चिन्तामणि–इसके कर्ता हैं मेरु तुंगाचार्य वि. सं. १३६१ में इसको बनाया है.

(१६) श्री तीर्थकल्प–इसके कर्ता श्रीमान् जिनप्रभसूरि हैं इस ग्रन्थका दूसरा नाम कल्पप्रदीप है जिनप्रभसूरि वि. सं. १३६५ में हुए हैं इस ग्रन्थमें करीब ५८ कल्प और स्तव हैं.

(१७) विचारश्रेणी–इसके कर्ता मेरु तुंगाचार्य हैं। यह ग्रन्थ अंचलगच्छीय आचार्यने बनाया है इस ग्रन्थसेभी गुजरातके चावडा राजाओंके राजत्व समय पता मिलता है.

(१८) स्थविरावली–इसके कर्ताभी अंचलगच्छीय मेरु तुंगाचार्यही हैं इसमें कई आचार्योंका वर्णन है।

(१९) मच्छप्रबन्ध–इसके कर्ता हैं कक्कसूरि वि.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

सं. १३७१ में इसको बनाया है इस ग्रन्थमें समराशाह तथा सहजाशाहके जीवन चरित्र हैं येह दोनों देशलके पुत्र थे.

(२०) महामोह पराजय नाटक–यशःपाल मंत्रीने अजयपालके राज्यमें इसको बनाया है.

(२१) कुमुदचन्द्र प्रकरण–इसके कर्ता हैं श्रीमान् यशश्चन्द्र। इसमें वादि देवसूरि और पं. कुमुदचन्द्रका संवाद दिया गया है।

(२२) प्रबन्धकोश–इसको चतुर्विंशति प्रबन्ध कहते हैं। मलधारी श्रीमान् राज शेखर सूरिने वि. सं. १४०५ में इसको बनाया है.

(२३) कुमारपाल चरित्र–इसको श्रीमान् जयसिंहसूरिने वि० सं. १४२२ में बनाया है.

(२४) कुमारपाल चरित्र–इसके कर्ता हैं श्रीमान् सोमतिलकसूरिने वि. सं. १४२४ के आसपास इसको रचा है। इसमें भी उन्हीं राजाओंका वृत्तान्त हैं।

(२५) कुमारपाल चरित्र–चौदहवीं शताब्दी के

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

आसपास रत्नसिंहसूरिके शिष्य चारित्र सुन्दर गणिने इसको बनाया है इसमें भी मूलराजसे लगाकर कुमारपाल तकके सोलंकियोंका इतिहास है.

(२७) उपदेश सप्ततिका–इस ग्रन्थके कर्ता सोम धर्म गणि हैं यह ग्रन्थ भी उपदेश तरंगिणी की तरह कितनेक अंशमें ऐतिहासिक रीत्या उपयोगी है इस ग्रन्थकी संवत् १४२२ में रचना हुई है।

(२८) गुर्वावली–इसके कर्ता हैं मुनि सुन्दरसूरि। यह ग्रन्थ वि. सं. १४६६ में बना है।

(२९) कुमारपाल प्रबन्ध–इसके रच यिता है श्रीमान् जिनमंडल उपाध्याय वि. सं. १४९२ में इसको बनाया है.

(३०) महावीर प्रशस्ति–वि० सं. १४१५ में श्रीमान् चारित्ररत्न गणिने इसको बनाया है। इस ग्रन्थमें चित्रकूटके महावीर स्वामीके मंदिरकी प्रशस्ति है।

(३१) पंचाशति प्रबोध संबन्ध श्रीमान् शुभशील गणिने वि० सं. १५२१ में इसको बनाया है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

इसमें कई एक निबन्ध हैं जैसे गौतम स्वामीका अष्टा-पद तीर्थ वंदन कानहडा महावीर स्थापना, जिन प्रभाचार्य संबन्ध जिनप्रभसूरि अवदात संबन्ध झ-घडु साधु संबन्ध वगैरह ।

(३२) वस्तुपाल चरित्र इसके कर्ता तपाच्छीय श्रीमान् जिन हर्ष गणि हैं सोलहवीं शताद्दीमे यह बना है.

(३३) सोम सौभाग्य काव्य- यह काव्य प्रतिष्ठा सोम गणि विरचित है इसको वि. सं० १५२४ में बनाया है ।

(३४) गुरु गुण रत्नाकर काव्य–इसके रचयि-ता श्रीमान् सोम चारित्र गणिने वि० सं० १५४१ में इसको बनाया है ।

३५ जगद्गुरु काव्य २३३ श्लोकोंका यह एक छोटासा काव्य है इसके कर्ता विमलसागर गणिके शिष्य श्रीमान् पद्मसागर गणि हैं सं. १६४६ में यह काव्य बना है.

(३६) उपदेश तरंगिणी इसके कर्ता श्रीमान्

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

रत्न मंडण गणि हैं सोलहवी शताब्दी मे आप हुए हैं।

(३७) हीर सौभाग्य काव्य–श्रीमान् सिंहविमल गणिके शिष्य श्रीदेवविमल गणिका बनाया हुआ यह एक महाकाव्य है.

(३८) श्रीविजयप्रशस्ति काव्य भी एक बडा भारी ऐतिहासिक काव्य है इसके कर्ता श्रीमान् हेमविजय गणी तथा श्रीमान् गुण विजय गणी हैं यह भी महाकाव्य का ग्रन्थ है वि० सं० १६८८ में यह काव्य बना है.

(३९) श्री भानुचंद्र चरित्र–इस काव्य के रचयिता श्रीमान् सिद्धिचन्द्र उपाध्याय है सतरहवी शताब्दीमें इसको बनाया है—

(४०) विजयदेव माहात्म्य. इसके कर्ता श्रीमान् वल्लभोपाध्याय है। रसमें श्रीविजय–देवसूरिजीके जीवनका वर्णन करनेमें आया है।

(४१) दिग्विजय महाकाव्य–१८ वीशताब्दीमें श्रीमान् मेघ विजय उपाध्यायने इसको बनाया है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

इसमें अधिकतया विजयप्रभसूरिका ही ऐतिहासिक वृत्तान्त है।

(४२) देवानन्दाभ्युदय महाकाव्य–इसको भी मेघ विजय उपाध्यायने बनाया है इसमें विजय देवसूरिका ऐतिहासिक वृत्तान्त है.

(४३) झघडु चरित्र–इसके कर्ता श्रीमान् सर्वानंदसूरि हैं इसमें झघडु शाहका जीवनचरित्र विस्तारपूर्वक दिया गया है, तथा और भी बहुतसी ऐतिहासिक बातोंका उल्लेख है यह ग्रन्थ छप चुका है।

(४४) सुकृतसागर–इसके रचयिता श्री रत्नमण्डन गणि हैं इसमें पेथड, झांझण तथा तपागच्छीय धर्म घोषसूरिका जीवन चरित्र है–इन इतिहास संबंधी ग्रंथो के आधारपर ही ज्यादातर हिन्दुस्थानका निर्वाह है वरन् अन्य संप्रदायोंमे ऐतिहासिक ग्रंथोकी बहुतही त्रुटि है। पूर्वोक्त ग्रंथोमें किस किस देश यानरेशका वर्णन है. किस किस समयमे क्या क्या घटना बनी है उसका पता उन उन ग्रंथोसे ही लग सकता है। हां इतना तो जरुर है कि इन ऐतिहासिक ग्रन्थो केविषय विभागका स्व-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ल्प परिचय " जैन साहित्य सम्मेलन " नामक विवर्ण पुस्तकके लेखोंसे लगसकता है, उसमे मु. विद्याविजय जी जैसे मुनियोंके और साहित्याचार्य विश्वेश्वरनाथ जैसे परिपक्व अभ्यासियोंके लेखोंसे बहुतसी बातोंका स्पस्टी करण हो सकता है.

(उपर्युक्त पुस्तकोके नाम भी वहांसेही उतारे)

सिवाय इनके " वसुदेवहिण्डी " और "पउम चरिय " नामक ग्रंथ उपर लिखे ग्रंथोसे भी अति प्राचीन और इतिहास के भंडार हैं मुशकिल यह है कि उनको आज तक किसीने छपवाकर प्रसिद्ध नही किया। पउमचरिय तो अभी थोडा समय हुआ भावनगरकी श्री जैनधर्मप्रसारकसभा तर्फसे छप गया है अधिक सौभाग्यकी बात यह है कि उस ग्रंथका संशोधन कार्य जर्मन विद्वान डो० हर्मन जे कोबीके हाथसे ही समाप्त हुआ है।

इस सविस्तर लेखका आशय सिर्फ इतना ही है कि यह प्रतिमा (मूर्त्ति) संप्रति राजाके समयकी ही एशिया खंडके हंगरी प्रान्त वर्त्ति बुदापेस्त शह-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara www.umaragyanbhandar.com

रमेसे निकळी है। इतना ही हमारा वक्तव्य है। इन टूंकोके अलावा–नेमिनाथ टूंक १ मानसिंह भोजराज टूंक, अंबिकामाता टूंक मेरकवशी ४ तीसरी टूंक ५ चौथी टूंक ६ पांचमी टूंक ७ कालिका टूंक ८

